



सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच






वर्ष- 14 अंक - 234 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, बुधवार 7 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## छह सीरीज, दो कोच और पांच कप्तान, ऐसा रहा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सफर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगी। दोनों टीमें इंग्लैंड के ओवल में सात जून से आमने-सामने होंगी। टीम इंडिया लगातार दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। उसे पिछली बार 2021 में न्यूजीलैंड ने हराया था। ऑस्ट्रेलिया की बात करें तो वह पहली बार फाइनल खेलेगा।

भारतीय टीम में पिछले दो साल में काफी बदलाव हुए। टीम इंडिया के दो कोच 2021-23 चक्र में रहे। रवि शास्त्री 2021 टी20 विश्व कप के बाद कोच पद से हट गए थे। उनके स्थान पर दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ को कोच बनाया गया। टीम इंडिया इस चक्र में कुल छह टेस्ट सीरीज खेली। इस दौरान उसके अलग-अलग पांच कप्तान रहे। विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अजिंक्य रहाणे और रोहित शर्मा ने टीम का नेतृत्व किया।

### इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दूसरे चक्र की शुरुआत टीम इंडिया ने इंग्लैंड दौरे से की। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर रही। शुरुआत चार टेस्ट में टीम इंडिया 2-1 से आगे थी। इस दौरान चारों मुकाबलों में कोहली कप्तान थे। पांचवां टेस्ट कोरोनावायरस के कारण नहीं हो सका। यह अगले साल 2022 में खेला गया। तब तक कोहली कप्तानी से इस्तीफा दे चुके थे। पांचवें टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने कमान संभाली। टीम इंडिया उस मैच में हार गई और सीरीज 2-2 से बराबर हो गई।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के बाद भारत ने



न्यूजीलैंड की मेजबानी की। दो मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से जीता। इस सीरीज में अजिंक्य रहाणे और विराट कोहली ने कप्तानी की। रहाणे के नेतृत्व में कानपुर टेस्ट ड्रॉ हुआ था। वहीं, कोहली की कप्तानी में भारतीय टीम मुंबई टेस्ट में जीती थी।

### दक्षिण अफ्रीका का दौरा

भारत ने साल 2021 के अंत में दक्षिण अफ्रीका का दौरा किया। तीन टेस्ट की सीरीज में टीम इंडिया 1-2 से हारी। कोहली की कप्तानी में भारत सेंचुरियन टेस्ट जीता था। वह जोहानिसबर्ग में दूसरे टेस्ट में नहीं खेल पाए। केएल राहुल की कप्तानी में भारत को हार का सामना करना पड़ा। तीसरा टेस्ट केप टाउन में खेला गया। कोहली की वापसी हुई। उन्होंने रन भी बनाए, लेकिन टीम हार गई।

### श्रीलंका की मेजबानी

भारत ने 2022 में श्रीलंका की मेजबानी की। रोहित शर्मा की कप्तानी में पहली बार टीम इंडिया कोई टेस्ट सीरीज जीती। भारत ने दोनों मैचों में आसानी से श्रीलंका को हराकर सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया।

### बांग्लादेश का दौरा

भारतीय टीम बांग्लादेश के दौरे पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए गई। कप्तान रोहित शर्मा दोनों मैचों में चोट के कारण नहीं खेल पाए। भारत ने सीरीज को 2-0 से जीत लिया।

### ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी

भारत दौरे पर ऑस्ट्रेलियाई टीम चार टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए आई। टीम इंडिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए सीरीज में जीत चाहिए थी। उसने रोहित शर्मा की कप्तानी में चार मैचों की सीरीज को 2-1 से जीत लिया।

## खास - खबर

### शॉर्टकट तरीके से करोड़पति बनने की चाह ने पहुंचाया जेल, एक करोड़ की मांगी थी फिरौती

**रायपुर।** रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र से व्यापारी का अपहरण करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बड़ी बात ये है कि घटना का मास्टरमाइंड अपहृत सिद्धार्थ आशटकर के मकान में पांच साल से रह रहा था। आरोपी बिना मेहनत किए शॉर्टकट तरीके से करोड़पति बनने की चाहत में पूरी प्लानिंग के साथ किडनैपिंग की इस वारदात को अंजाम दिया। अपहरणकर्ताओं ने 1 करोड़ की फिरौती मांगी थी। पुलिस इस केस में शामिल अन्य 3 फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने में जुटी है। आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 279/23 धारा 365, 34 भादवि का अपराध दर्ज किया गया है।

***किडनैपर ने ग्वालियर से मंगवाई कार***

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार नंबर एमपी/07/बी ए /3697 को जब्त किया है। वहीं अपहृत सिद्धार्थ आशटकर को कवर्धा के दशरंगपुर से सकुशल बरामद किया था। गिरफ्तार दोनों अपहरणकर्ता है मूलतः मध्य प्रदेश के ग्वालियर के रहने वाले हैं। वर्तमान में आरोपी अंकित मिश्रा दुर्ग जिले के अम्लेश्वर में और आरोपी राज तोमर रायपुर के कमल विहार में रह रहे थे। इतना ही नहीं अपहरण की घटना को अंजाम देने के लिए अपने अन्य 3 साथियों को चारपहिया वाहन से ग्वालियर से लेकर रायपुर बुलाए थे। आरोपी राज तोमर पूर्व में जिला ग्वालियर के थाना गोले का मंदिर एवं जिला मुरैना के थाना महुवा से हत्या के प्रयास, मारपीट, आगजनी सहित 6 से अधिक मामलों में जेल की हवा खा चुका है। पुलिस की नाकेबंदी के कारण आरोपी पकड़े जाने के डर से अपहृत सिद्धार्थ आशटकर को कवर्धा के दशरंगपुर के पास छोड़कर भाग गए थे।


### मणिपुर में दर्दनाक हिंसा: एंबुलेंस में मां के साथ था मासूम, दंगाईयों ने गाड़ी में ही लगा दी आग, तीन जिंदा जले

**इंफाल ( एजेंसी )।** मणिपुर में हिंसा दिन-ब-दिन और खतरनाक रूप लेती जा रही है। इस बीच, राज्य के पश्चिम इंफाल जिले से रोंगटे खड़े कर देने वाली खबर सामने आई है। दंगाइयों ने तीन मासूम लोगों की जान ले ली। दरअसल, करीब आठ वर्षीय घायल बच्चे को अस्पताल ले जाते समय एक एंबुलेंस में भीड़ ने आग लगा दी। इससे बच्चे, उसकी मां और एक अन्य रिश्तेदार की मौत हो गई।

# Biporjoy: देश के कई हिस्सों में मचाएगा तबाही

## 150 से 190 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** एक और जहां देश मॉनसून के इंतजार में है, वहीं दूसरी तरफ अरबी समुद्र में बना डीप-डिप्रेशन अब चक्रवात में तब्दील हो चुका है. गुजरात पर इस चक्रवात का खतरा मंडरा रहा है, इसे Biporjoy नाम दिया गया है। आज, 07 जून को सुबह साढ़े पांच बजे पूर्व मध्य और आसपास के दक्षिण-पूर्व अरब सागर के ऊपर गंभीर चक्रवाती तूफान बना। ये लगभग 12.6एन और 66.1ई पर केंद्रित है और गोवा के पश्चिम दक्षिण पश्चिम से लगभग 890 किमी. पर स्थित है।



मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान यानी 8 जून की सुबह तक इसके उत्तर की ओर बढ़ने और तीव्र होने की संभावना है। अरबी समुद्र में बना ये चक्रवात उत्तर की ओर आगे बढ़ता हुआ तेज होता जाएगा। मौसम विभाग के मुताबिक, चक्रवात में हवा की गति 150 से 190 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार होगी, 8 से 10 जून तक समुद्र में बहुत ऊंची लहरें उठने की संभावना है। इसका सबसे ज्यादा असर गुजरात के समुद्री किनारे के शहरों में देखने मिलेगा।

इसके साथ ही आईएमडी का कहना है कि चक्रवात कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात के तटीय क्षेत्रों से बहुत दूर जा रहा है, लेकिन तटीय इलाकों में कुछ तेज़ हवाएं चलेंगी और कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी और इस चक्रवात का लैंडफॉल पाकिस्तान में होने की संभावना है।

### गुजरात में अलर्ट

मौसम विभाग ने चक्रवात के चलते मच्छुआरों को समुद्र किनारे ना जाने की सलाह दी है। साथ ही गुजरात के सभी पोर्ट पर 1 नंबर का वोर्निंग सिग्नल दिया गया है। जैसे-जैसे चक्रवात नजदीक आएगा और खतरा बढ़ता जाएगा, उस हिसाब से वोर्निंग सिग्नल में बढ़ोतरी की जाएगी। वहीं चक्रवात के खतरे को देखते हुए गुजरात सरकार ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। समुद्री किनारे वाले शहरों में प्रशासन को अलर्ट किया गया है। साथ ही समुद्र में ऊंची लहरें उठने की भी संभावना जताई गई है। बता दें कि अरब सागर में साल के पहले प्री मानसून तूफान का नाम 'बिपारजॉय' रखा जाएगा, जिसका बांग्लादेश ने सुझाव दिया है।

## दुकान के सामने महिला का शव रखकर फरार हुए दो युवक, सीसीटीवी फुटेज से खुलासा, जांच में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर के पोस्ट ऑफिस मार्ग पर थोक फल दुकानों के पास मंगलवार की दोपहर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर यह पता लगाने की कोशिश कि महिला का शव मौके पर कब आया तो पता चला कि दिनदहाड़े दो युवक महिला के शव को साइकिल से लेकर आए थे और दुकान के सामने रखकर फरार हो गए। मृतक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है।



मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर के समय कुछ घंटों के लिए फलों की दुकानें बंद रखी जाती हैं। आसपास के दुकानदार जब दोपहर बाद दुकान खोलने पहुंचे तो मौके पर महिला का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास पूछताछ करने के बाद एक फल दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच की। सीसीटीवी में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि महिला का शव एक साइकिल के पीछे रखकर दो युवक वहां पहुंचे और बड़े आराम से उसे गोद में उठाकर एक युवक ने शव को वहां रख दिया। इसके बाद दोनों युवक वहां से फरार हो गए।

सूचना पर सीएसपी स्मृतिक राजनाला भी मौके पर पहुंचे। सीएसपी ने बताया कि मृत महिला के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। दोनों युवकों के बारे में पुलिस पता लगा रही है। महिला की मौत का कारण भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। महिला की आयु 35 वर्ष के करीब हो सकती है। साइकिल में जिस तरह से सफेद रंग की बोरी लगी हुई है, उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी युवक कबाड़ बीनने वाले हो सकते हैं। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही महिला की मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## 21 जून को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 'हर घर आंगन योग' के संदेश को किया जाएगा प्रोत्साहित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। प्रदेश के शहरों और गांवों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके माध्यम से 'हर घर आंगन योग' के संदेश को प्रोत्साहित किया जाएगा।




छत्तीसगढ़ योग-आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहरों और गांवों के प्रमुख स्थल पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की अधिक से अधिक भागीदारी के साथ सामूहिक योग सत्र का आयोजन किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2023 मनाने के लिए सामान्य योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) के प्रदर्शन की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही आंगनबाड़ी और वृद्धाश्रम, सार्वजनिक उपक्रमों, शासन के सभी विभागों के प्रमुख स्थानों में भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा योग के संबंध में जन-जागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अस्पताल, स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों, पुलिस स्टेशन, बस स्टेशन जैसे सार्वजनिक संस्थान पर और पंचायत, नगरपालिका, नगर निगम आदि में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बैनर प्रदर्शित किए जाएंगे।

राज्य शासन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियों, प्रशिक्षण कार्यक्रम, राज्य शासन के विभिन्न विभागों, संस्थाओं, निकायों एवं भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से आवश्यक समन्वय एवं क्रियान्वयन हेतु समाज कल्याण संचालनालय छत्तीसगढ़ के अपर संचालक पंकज वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एनआईए की जांच में बड़ा खुलासा: प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन कर रहे नए कैडर की भर्ती, हथियारों की हो रही तस्करी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जांच में खुलासा हुआ कि फिलीपींस में मनप्रीत पीटा सहित विभिन्न देशों में स्थित डाला और उसके सहयोगी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) की गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत में लगातार नए कैडर की भर्ती कर रहे हैं। वे जबरन वसूली और अन्य माध्यमों से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए धन जुटा रहे हैं और सीमा पार से हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी कर रहे हैं।




### पंजाब में नौ और हरियाणा में एक स्थान पर की गई छापेमारी

एनआईए की टीम ने मंगलवार को प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स के लिए धन जुटाने और सीमा पार से इसके लिए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी करने की आपराधिक साजिश के संबंध में पंजाब में नौ और हरियाणा में एक स्थान पर तलाशी ली थी।

### एनआईए ने पिछले साल 20 अगस्त किया था मामला दर्ज

एनआईए ने मंगवार को आतंकवादी अर्शदीप सिंह डाला और उसके करीबी सहयोगी मनप्रीत सिंह उर्फ पीटा के पंजाब और हरियाणा में 10 स्थानों पर तलाशी ली थी। छापेमारी के दौरान डिजिटल उपकरणों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। वहीं, मामले में अब तक कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने पिछले साल 20 अगस्त को भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

## प्री वेडिंग शूट बन गया जी का जंजाल

श्रीकंचनपथ




अकादमी में पढ़ने के दौरान दोनों की दोस्ती हुई। बाद में परिवार वालों ने आपस में बातचीत कर दोनों का विवाह तय कर दिया। दोनों तरफजबरदस्त उत्साह का माहौल था। लंबी चौड़ी प्लानिंग शुरू हो गई। डेस्टिनेशन वेडिंग तय हुआ। सबको लेकर जाने और वहां ठहरने का पूरा बंदोबस्त किया गया। इसी का एक हिस्सा था – प्री वेडिंग फोटोशूट Pre-Wedding-Shoot। इसके लिए भी चार लोकेशन तय किये गये। फोटो और वीडियो शूट के लिए एक एजेंसी को हायर किया गया। तीन-चार लोकेशन में तो खूब मौज मस्ती के साथ फोटोशूट पूरा हो गया पर जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ते गए डिमांड बढ़ती चली गई और अंत में बात तनातनी तक जा पहुंची। दोनों ने चुप्पी साध ली और अंतिम डेस्टिनेशन कैंसल कर घर लौट आए। शीतयुद्ध का दौर शुरू हुआ। दोनों ही पक्ष मजबूत थे, अतः किसी ने भी चुप्पी तोड़ने की पहल नहीं की और शादी टूट गई। साल-छह महीना बीता और नई जोड़ी ढूंढने की कवायद शुरू हो गई। जल्द ही एक और जगह बात पक्की हो गई। सबकुछ फाइनल हो गया पर विवाह से ठीक पहले लड़के वालों ने मना कर दिया। कारण पूछने पर उन्होंने कुछ आपत्तिजनक तस्वीरें व्हाट्सअप पर भेज दीं। यह फोटो प्री-वेडिंग शूट का हिस्सा थे। हालांकि एजेंसी ने फोटो और वीडियो बाद में लड़की वालों को ही सौंपा था पर बहुत सारी तस्वीरें मोबाइल पर भी खींची गई थीं। इन फोटोग्राफ्स के बारे में सभी भूल गए थे। पहला रिश्ता तोड़ने के बाद यही फोटोग्राफ्स दूसरा रिश्ता भी तोड़ बैठे। शायद यही वजह है कि छत्तीसगढ़ महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने कुछ समय पूर्व प्री-वेडिंग फोटोशूट को लेकर सावधान किया था। उन्होंने कहा था कि प्री वेडिंग शूट को लड़कियों के भविष्य के लिए खतरनाक बताया था साथ ही लड़की वालों को भी आगाह किया था कि वे इसे बढ़ावा न दें। दरअसल, इसी तरह का एक मामला आयोग के सामने आया था। पर किसी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया। इन दो मामलों में तो बात विवाह तक पहुंची भी थी, हजारों मामले ऐसे भी हैं जहां कोरे रिलेशनशिप में इस तरह की फोटोग्राफी का चलन हो गया है। लोग रिलेशनशिप के हर पल को फोटो-वीडियो में कैद करना चाहते हैं। जिस तेजी से रिलेशन बनते हैं, उससे भी कहीं ज्यादा तेजी से ब्रेकअप होते हैं। तब यही चंद तस्वीरें जी का जंजाल बन जाती हैं। कभी-कभी मामला पुलिस तक भी पहुंच जाता है। डिजिटल युग में ऐसे फोटोग्राफ्स का नामोनिशान मिटा पाना काफी कठिन होता है। भारतीय समाज भले ही पश्चिम के रंग में रंग गया हो पर कुछ मामलों में अभी भी उसके खयालात दकियानूसी ही हैं। हमारे पैर पाले के दोनों तरफहैं। हम बातें चाहें जितनी भी बड़ी-बड़ी कर लें, आज भी अपने पार्टनर के एक्स को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाते। इसलिए सावधान रहने में ही भलाई है।




## संपादकीय

# जीवंत भारतीय लोकतंत्र

व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी जॉन किर्बी ने भारतीय लोकतंत्र की सराहना करते हुए जो कुछ कहा है, वह न सिर्फ स्वागत-योग्य है, बल्कि इससे उन तमाम भारत विरोधी देशों की आंखें खुल जानी चाहिए, जो रह-रहकर दुनिया के इस सबसे विशाल लोकतंत्र और इसकी शासन-व्यवस्था पर उंगलियां उठाते रहते हैं। किर्बी ने तो यहां तक कह दिया कि जिन्हें संदेह हो, वे दिल्ली घूमकर इसकी तस्दीक कर लें। वैसे तो भारत को किसी के प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है, पर हिन्दुस्तानी जम्हूरियत कितनी जीवंत है, इसका पता इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद से आज तक यहां सत्ता का हस्तांतरण हर बार शांतिपूर्ण तरीके से और पूरी गरिमा के साथ हुआ है। यही नहीं, यहां के मतदाताओं की परिपक्वता की एक बानगी यह भी है कि राजधानी दिल्ली में ही मुल्क की निजामत के लिए जब उन्होंने भाजपा के अटल बिहारी वाजपेयी को चुना था, तब सूबे की कमान कांग्रेस की शीला दीक्षित को सौंपी थी। आज भी इसी क्रम में दो विरोधी सियासी जमातों के नरेंद्र मोदी और अरविंद केजरीवाल पदारूढ़ हैं। भारतीय लोकतंत्र 75 वर्षों का अपना सफर पूरा कर चुका है और दुनिया आज यदि इसकी परिपक्वता व समावेशिता को सलाम कर रही है, तो इसका बहुत बड़ा श्रेय हमारे पुरखों द्वारा सौंपी गई उस पवित्र पुस्तक को जाता है, जिसे हम संविधान कहते हैं। इस पुस्तक ने समाज के हाशिये पर जीने वाले और महलों में पैदा नागरिकों में कोई फर्क नहीं रहने दिया। बीते 75 वर्षों में हाशिये के समाजों ने शासन के केंद्र में अपनी कैसी गरिमामयी जगह बनाई है, राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु उसकी सबसे बड़ी प्रतीक हैं। इन साढ़े सात दशकों में सत्ताएं बदलीं, शासक बदले, मगर एक छोटे-से अंतराल को छोड़ दें, तो देश के राजनीतिक नेतृत्व ने पक्ष-प्रतिपक्ष की भूमिका में यहां लोकतंत्र की जड़ों को सींचने का ही काम किया। इसी का नतीजा है कि हमारे पड़ोस के छोटे-छोटे देश जब इस शासन प्रणाली को संभालने में नाकाम दिखते हैं, तब हम एक लैंपपोस्ट की तरह हैं। मगर निष्पक्ष न्यायपालिका, स्वायत्त संस्थाओं के बावजूद हमें एक आदर्श लोकतंत्र बनने के लिए अभी लंबा सफर तय करना है। लोकतंत्र की सफलता सिर्फचुनावी जनादेश के आधार पर सत्ता हस्तांतरण में निहित नहीं है। उसकी कामयाबी आखिरी आदमी की आवाज सुनने और उसे त्वरित न्याय देने में है। इस कसौटी पर खरा उतरना आसान नहीं है। हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि दुनिया के बड़े देश जब हमारी तारीफ के पुल बांधते हैं, उसी वक्त कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें हमें यह भी जताती हैं कि किन-किन मामलों में कितने सुधार की दरकार है। निस्संदेह, हमारे पास दुनिया की सबसे बड़ी गरीब आबादी है और उसके लिए भरपेट भोजन व सम्मानजनक जीवन के साधन जुटाने की प्राथमिकता एक बड़ी चुनौती है, पर हमने आजादी के इन वर्षों में अपनी उपलब्धियों से दुनिया को चौंकाया है। अमेरिका व यूरोप की तारीफों और आलोचनाओं से परे अपने लोकतंत्र को मजबूत करनेके लिए तो हमें ही खुद कदम उठाने होंगे। भारत विशाल जनसंख्या, विविध आचार-विचारों वाला देश है, इसमें अपराध भी होंगे और शिकायतें भी रहेंगी, पर लोगों को उनकी शिकायतों का संतोषजनक हल मिले, इसके लिए तंत्र को अधिकाधिक स्वायत्त और जवाबदेह कैसे बनाया जाए, इसे हम विकसित लोकतंत्रों से जरूर सीख सकते हैं। सीखना ही चाहिए!

> “ हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि दुनिया के बड़े देश जब हमारी तारीफके पुल बांधते हैं, उसी वक्त कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टें हमें यह भी जताती हैं कि किन-किन मामलों में कितने सुधार की दरकार है।

## नीतिगत अस्थिरता ठीक नहीं

अब सौर पैनलों पर टैक्स घटा, तो चीन से ही आयात बढ़ेगा। इससे भारत के बारे में क्या धारणा बनेगी? इसीलिए अपेक्षित यह है कि कोई कदम सभी पहलुओं पर पूरे विचार-विमर्श के बाद ही उठाया जाए।

एक खबर के मुताबिक भारत सरकार अब चीन से सौर पैनलों के आयात पर टैक्स घटाने पर विचार कर रही है। जबकि इसके पहले भारत ने चीन से आयात कम करने के लिए सौर पैनलों पर 40 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया था। सवाल है कि जब यह फैसला लिया गया, उसके बाद स्थिति में ऐसा क्या बदलाव आ गया है? एक विदेशी एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक भारत सरकार अब शुल्क को 40 से 20 प्रतिशत पर लाने और साथ ही जीएसटी को 12 से पांच प्रतिशत पर लाने का विचार कर रही है। दरअसल सरकार ने अप्रैल 2022 में सौर पैनलों के आयात पर 40 प्रतिशत टैक्स और सौर सेलों के आयात पर 25 प्रतिशत टैक्स लगाया था। तब बताया गया था कि इस कदम का उद्देश्य चीन से आयात पर लगाम लगाना है, ताकि देश के अंदर इनके उत्पादन को बढ़ावा मिल सके। लेकिन खबरें है कि असल में ऐसा नहीं हुआ । भारतीय निर्माता इन पैनलों और सेलों की मांग को पूरा करने लायक उत्पादन कर नहीं पाए। जबकि ऊंचे शुल्क की वजह से इन उत्पादों की देश में कमी हो गई और सौर परियोजनाओं का काम धीमा पड़ गया।

इसकी वजह से भारत सौर ऊर्जा उत्पादन के अपने लक्ष्यों को भी हासिल नहीं कर पाया। 2022 में 100 गीगावाट सौर ऊर्जा इंस्टॉल करने का लक्ष्य था, लेकिन कुछ रिपोर्टों के मुताबिक हासिल सिर्फ 63 मेगावाट हो पाया। इस हाल को देखते हुए भारतीय सौर कंपनियों ने इस साल आम बजट से पहले ही सरकार से इन टैक्स दरों को कम करने की मांग की थी। जीएसटी दर भी इस समस्या का बड़ा हिस्सा है। करीब चार साल पहले सौर परियोजनाओं पर जीएसटी सिर्फ पांच प्रतिशत ही थी, जिसे बाद में बढ़ा कर 8.9 प्रतिशत किया गया और फिर बढ़ा कर 12 प्रतिशत कर दिया गया। यह एक तथ्य है कि सौर उपकरणों का 80 प्रतिशत उत्पादन चीन में होता है। अब टैक्स घटा, तो चीन से ही आयात बढ़ेगा। इससे भारत के बारे में क्या धारणा बनेगी? इसीलिए अपेक्षित यह है कि कोई कदम सभी पहलुओं पर पूरे विचार-विमर्श के बाद ही उठाया जाए।

## भागलपुर का पुल

जब हादसा होता है, तो कुछ दिन तक मीडिया में उसकी चर्चा रहती है और लोग भी उस पर बातें करते हैं। हर ऐसी बड़ी घटना पर जांच का एलान किया जाता है। फिर धीरे-धीरे सब कुछ 'सामान्य' हो जाता है।

बिहार के भागलपुर में गंगा नदी पर बन रहे पुल के गिरने का वीडियो दुनिया भर में चर्चित हुआ है। चूंकि ऐसे विजुअल कम ही मिलते हैं, इसलिए मेनस्ट्रीम से लेकर सोशल मीडिया तक पर लोगों ने इसे खूब देखा। और चूंकि यह घटना ओडिशा के बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना से बने माहौल के बीच हुई, तो इसे भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर की असल हालत की कहानी के हिस्से के रूप में सहज ही पेश किया गया। चूंकि उसी जगह पर बन रहा पुल दूसरी बार गिरा है, तो उससे इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण में जुड़े भ्रष्टाचार का नैरेटिव भी लोगों के गले उतर गया। गौरतलब यह है कि भारत के लिए ना तो ट्रेनों का पटरी से उतरना कोई असामान्य घटना है, ना निर्माणाधीन या बन चुके पुलों का गिरना। अभी कुछ महीने ही हुए हैं, जब गुजरात के मोरवी में पुल गिरने की जानलेवा घटना हुई थी। ऐसी घटनाओं के एक साथ एक सामान्य बात यह भी है कि जब हादसा होता है, तो कुछ दिन तक मीडिया में उसकी चर्चा रहती है और लोग भी उस पर बातें करते हैं। हर ऐसी बड़ी घटना पर जांच का एलान किया जाता है। फिर धीरे-धीरे सब कुछ 'सामान्य' हो जाता है और किसी को इस बात की फिक्र नहीं रहती कि उस जांच का क्या हुआ? क्या दुर्घटना के लिए किसी की जवाबदेही तय हुई और जिन्हें जवाबदेह पाया गया, उन्हें क्या दंड मिला। वैसे भी बात सिर्फ प्रत्यक्ष जवाबदेही की नहीं है। जवाबदेही तो उन सबकी बननी चाहिए, जो उन निर्माण संबंधी निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा रहे हों।

> “ यह शायद हमारे समाज का भी दोष है। हम विलंबित लय में काम करते हैं। एक मिसाल देखिए, मिलवांडे बांध परियोजना में 53 साल पहले शिलान्यास हुआ था, काम इस महीने पूरा हुआ है। लागत 655 गुना बढ़ गई। ऐसा लगता है, मानो हमारे समाज में किसी को जल्दी नहीं है। एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश थे पी एन भवगती, उन्होंने लिखा था कि भारत की जो आपराधिक न्याय प्रणाली है, वह ध्वस्त हो चुकी है। न्यायमूर्ति भगवती ने 25 साल पहले ऐसा कहा था।

# बत्तीस साल बाद न्याय के मायने

ओ पी एस मलिक, पूर्व आईपीएस अधिकारी

मुख्तार अंसारी के खिलाफहत्या के एक मामले में 32 साल बाद फैसला आया है और लोगों में फिर यह चर्चा तेज हो गई है कि न्याय में इतना ज्यादा वक्त क्यों लग गया? भारतीय न्याय व्यवस्था में किसी भी सुनवाई में अनेक पक्षों की भूमिका होती है, जैसे न्यायपालिका, अभियोजन, पुलिस, अधिवक्ता, गवाह आदि। अगर सुनवाई में देरी हो रही है, तो यह किसी एक की वजह से नहीं, बल्कि यह हमारी समग्र व्यवस्था की खामी है। जब तक हम पूरी व्यवस्था को नहीं सुधारेंगे, तब तक शिकायत की स्थितियां बनी रहेंगी।

यह बार-बार कहा जाता है कि न्याय में विलंब भी न्याय की हत्या है। जब न्याय में देरी होती है, तो जाहिर है, अपराधी छुट्टा घूमता रहता है और अपराधों को भी अंजाम देता रहता है। दुर्भाग्य है, हमारे देश में अपराधी राजनीतिक गतिविधियां भी करता है और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय दिखता है। एक तरह से वह राजनीतिक जमानत पर रिहा रहता है। मुख्तार अंसारी का ही मामला लीजिए, वह पांच बार विधायक रह चुका है। ऐसे में, व्यवस्था को भी देखना होगा और समाज को भी अपने गिरेबान में झांकना होगा।

ध्यान रहे, अपने देश में चार करोड़ मामले अदालतों में लंबित हैं। एक तरह से हमारा जो तंत्र है, वह भारी बोझ तले आ गया है। यह बोझ केवल न्यायपालिका पर नहीं है, बल्कि पूरी व्यवस्था पर है। हमने जिस व्यवस्था को स्वीकार किया है, उसकी बुनियाद में यह बात है कि भले सौ अपराधी छूट जाएं, किसी निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए। भारतीय व्यवस्था में अगर साक्ष्य हैं, तो सजा की गुंजाइश है। यहां जज एक रेफरी की तरह बैठा है, उसे अकाट्य साक्ष्य चाहिए, जबकि यूरोपीय देशों में जज जांच या साक्ष्य जुटाने में स्वयं भागीदार बनता है। ऐसे में, वहां ज्यादातर फैसले आरोपी के खिलाफजाते हैं, जबकि हमारी व्यवस्था में ज्यादातर फैसले आरोपी के पक्ष में जाते हैं।



एक और कमी है, हमारे यहां चालान के बाद हर केस सुनवाई में जाता है, जबकि अमेरिका में आठ से दस प्रतिशत मामले ही अंतिम सुनवाई के लिए पहुंचते हैं। वहां अनेक विधियां हैं, जिनके जरिये मामलों को पहले ही निपटा लिया जाता है। क्या हम दूसरे देशों से कुछ सीख सकते हैं?

भारी दंड के लिए दशकों इंतजार से बेहतर है कि कम समय में अपराधी को सुनिश्चित दंड दिया जाए। मुख्तार अंसारी जैसे मामलों में फैसला अगर जल्दी आता, तो उसका ज्यादा महत्व होता। अभी हमारी जो न्याय व्यवस्था है, उसमें दुर्भाग्य से यह निहित ही है कि न्याय मिलने में देरी होगी। जितने भी बड़े मामले हैं, उनमें गवाह मुकर जाते हैं। जाहिर है, जब सुनवाई में देरी होती है, तो गवाहों का मुकरना और बढ़ जाता है। जो धनी, शक्तिशाली लोग हैं, वे व्यवस्था को अपने हिसाब से प्रभावित करते हैं। बड़े अपराधियों के मामले में भी तारीख पर तारीख मिलती चली जाती है, इसका लाभ उन्हें होता है। न्याय के लिए लड़ने वालों की हिम्मत टूट जाती है। इस मामले में अवधेश राय के भाई अजय राय न्याय के लिए लगे रहे, तभी मुकदमा अंजाम तक पहुंचा। चूंकि तीन-तीन दशक बाद फैसले होते हैं, इसलिए कहा जाने लगा है कि मुकदमा लड़ने वाला यह वसीयत में जरूर लिख दे कि उसके बाद मुकदमा कौन लड़ेगा? यह हमारी व्यवस्था की विडंबना है। बड़े अपराधियों को सजा होने में देरी की एक वजह यह भी है कि बड़े मुकदमों को डीजीसी क्रिमिनल ही लड़ता है और डीजीसी क्रिमिनल की बहाली राजनीतिक स्तर से प्रभावित होती है। इस परिपाटी को सुधारना चाहिए।

मुख्तार अंसारी को 32 साल बाद हुई सजा कोई अकेला मामला नहीं है। अभी फिरोजाबाद में एक फैसला 39 साल बाद आया है। सामूहिक हत्या हुई थी, जिसमें 11 अभियुक्त थे। उनमें से 10 मर चुके हैं। सामूहिक हत्या के मामले में इतनी देरी कैसे हुई?

यह शायद हमारे समाज का भी दोष है। हम विलंबित लय में काम करते हैं। एक मिसाल देखिए, मिलवांडे बांध परियोजना में 53 साल पहले शिलान्यास हुआ था, काम इस महीने पूरा हुआ है। लागत 655 गुना बढ़ गई। ऐसा लगता है, मानो हमारे समाज में किसी को जल्दी नहीं है। एक पूर्व प्रधान न्यायाधीश थे पी एन भवगती, उन्होंने लिखा था कि भारत की जो आपराधिक न्याय प्रणाली है, वह ध्वस्त हो चुकी है। न्यायमूर्ति भगवती ने 25 साल पहले ऐसा कहा था। जिम्मेदार लोगों को पूरी जानकारी है, लेकिन सुधार के लिए कुछ हो नहीं रहा है। ध्यान रहे, सुधार के लिए साल 2000 में मलीमथ समिति बनाई गई थी। समिति ने 2003 में अपनी रिपोर्ट सौंप दी, पर एकाध बिन्दुओं को छोड़ दें, तो सिफारिशों पर कोई काम नहीं हुआ, बीस साल बीत गए।

कौन नहीं जानता, मुख्तार अंसारी पूर्वांचल के बड़े माफिया में शामिल था। मैं 1990 तक एसएसपी, बनारस था, तब मुख्तार इतना बड़ा अपराधी नहीं था। वह 1991 में अवधेश राय हत्या के बाद ज्यादा खतरनाक रूप से सामने आया और बढ़ता गया। फिर साल 1998-99 में जब मैं आईजी, बनारस था, तब यह नेता, विधायक बन चुका था। यह कहने में कोई दिक्कत नहीं है कि ऐसे बहुत से आरोपी हैं, जो आज राजनीतिक जमानत पर रिहा हैं। लगभग हर पार्टी ऐसे आरोपियों को राजनीतिक जमानत पर खुला छोड़ देती है। फायदा उठाकर कोई विधायक बन जाता है, तो कोई सांसद।

इसके समाधान का एक ही तरीका है, ऐसे बड़े मामलों में सुनवाई की अधिकतम सीमा दो वर्ष तय कर दी जाए। कम से कम बड़े गैंगस्टर व अपराधियों के लिए तय कर देना चाहिए कि हर हाल में दो साल में फैसला करना ही है, ताकि पीड़ितों व अन्य लोगों को भी लगे कि वाकई न्याय हुआ।

एक प्रकरण सुनाता हूं, साल 2010 में मैं दक्षिण कोरिया गया था, वहां के अटार्नी जनरल या सुप्रीम प्रोजेक्यूटर जनरल से मेरी मुलाकात हुई। मैं अपने यहां की लेटलतीफी से दुखी था, तो मैंने उनसे पूछा, 'आपके यहां मुकदमा दर्ज होने से उसके निपटारे तक कितना समय लगता है?' उन्होंने जवाब दिया, 'हमारे यहां मुकदमा दर्ज होने से सुप्रीम कोर्ट तक अंतिम फैसला होने में बस एक साल का समय लगता है।' क्यों न ऐसा ही हम भारत में करें, ताकि अपराध कम हों और व्यवस्था पर अनावश्यक बोझ न बढ़े?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# घरेलू बचत बढ़ाकर तेज कर सकते हैं आर्थिक विकास

शिशिर गुप्ता, वरिष्ठ फेलो, सीएसईपी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के 100वें साल, यानी 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आह्वान किया है। इस उपलब्धि को पाने के लिए अगले 25 वर्षों में हमें वास्तविक आय आठ फीसदी प्रतिवर्ष की दर से बढ़ानी होगी। जाहिर है, यह पिछले 25 वर्षों में प्राप्त करीब छह फीसदी की दर से काफी ज्यादा है। अगर हम इसे मुमकिन बना पाते हैं, तो भारत 1970 के बाद से ऐसा पांचवां देश बन जाएगा, जो 50 साल के दौरान साल-दर-साल सात फीसदी से अधिक की वृद्धि अपनी वास्तविक आय में करेगा। अब तक चीन, बोत्सवाना, कोरिया और सिंगापुर ऐसा कर चुके हैं।

तेजी से विकास हासिल करने की तमाम शर्तों में एक यह भी है कि कारखानों, मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाए जाएं। हमें सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 4.5 से पांच फीसदी निवेश करने की जरूरत है, ताकि एक प्रतिशत जीडीपी बढ़ सके। इस प्रकार, आठ फीसदी की वृद्धि दर हासिल करने के लिए हमें 35 से 40 प्रतिशत निवेश की दरकार होगी। इसका 90 फीसदी हिस्सा हमें स्थानीय स्तर पर जुटाना होगा, जिसमें परिवारों की एक बड़ी भूमिका होगी। इसीलिए, तेजी से विकास हासिल करने के लिए परिवारों के लिए ज्यादा बचत करना कहीं अधिक जरूरी है। यह तब और भी विचारणीय मसला हो जाता है, जब 2010 से 2017 के बीच घरेलू बचत में जीडीपी की सात फीसदी गिरावट की खबर हो, और हाल-फिलहाल इसमें मामूली वृद्धि देखी गई हो।

भारत में घरेलू बचत आजादी के बाद से लगातार बढ़ रही है। यह साल 1951 में जीडीपी का करीब सात प्रतिशत थी, जो 2010 में 25 फीसदी के साथ अपने शिखर पर चली गई। इसके बाद इसमें गिरावट आई और यह 2017 में 18 प्रतिशत हो गई। चूंकि आजादी के बाद कभी भी इसमें अधिकतम गिरावट दो फीसदी से अधिक



नहीं रही है, इसलिए सात-आठ प्रतिशत की गिरावट कोई सामान्य बात नहीं है, मगर हम संरचनात्मक कारणों की अनदेखी भी नहीं कर सकते। बेशक, पिछले एक दशक में सुस्त जीडीपी वृद्धि को इसके लिए कुछ हद तक जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, क्योंकि जब आमदनी तेजी से बढ़ती है, तो परिवार अधिक बचत भी करता है। मगर यही एकमात्र वजह नहीं हो सकती, क्योंकि भारत अतीत में भी धीमी वृद्धि दर से गुजर चुका है और घरेलू बचत में इतनी गिरावट नहीं देखी गई थी।

दिसंबर, 2022 में सेंटर फॉर सोशल ऐंड इकोनॉमिक प्रोग्रेस द्वारा प्रकाशित 'इंडियाज न्यू ग्रोथ रेसिपी: ग्लोबली कॉम्पिटिटिव लार्ज फर्म्स' नामक एक अध्ययन-पत्र में हमने बताया था कि घरेलू बचत में कमी की संरचनात्मक वजहों में एक कामकाजी उम्र की आबादी में नौजवानों की घटती हिस्सेदारी है। साल 2001 में यह हिस्सेदारी 77 फीसदी थी, जो 2021 में 73 प्रतिशत हो गई। इस जनसांख्यिकीय बदलाव के 2031 में घटकर 70 फीसदी होने की आशंका है। जबकि, ये नौजवान ही हैं, जो पारंपरिक रूप से अधिक बचत करते हैं, इसलिए उनकी हिस्सेदारी घटने का अर्थ है, समग्र घरेलू बचत में कमी। असल में, घरेलू बचत तब सबसे अधिक होती है, जब घर का मुखिया 45 वर्ष की उम्र छूने वाला होता है। कुछ अनुमान तो यह भी बताते हैं कि परिवार के मुखिया की आय के अनुपात में भारतीय परिवारों की बचत उस वक्त करीब आठ से दस प्रतिशत कम हो जाती है, जब वह व्यक्ति 45 वर्ष की आयु पार कर लेता है। हालांकि, यह व्यवहार असामान्य नहीं कहा जाएगा, क्योंकि इस उम्र में बच्चों की शादी, उच्च शिक्षा जैसे कई बड़े खर्च शुरू हो जाते हैं, जिससे परिवारों को अपनी बचत में काफी हद तक कतर-ब्योंत करनी पड़ती है।

जाहिर है, इस जनसांख्यिकीय वर्ग के महत्व और आय वृद्धि को यदि एकरूप बनाया जाए ,तो साल 2030 तक घरेलू बचत जीडीपी की लगभग 20-24 प्रतिशत हो सकती है। बेशक घरेलू बचत का यह स्तर वैश्विक मानकों के हिसाब से और 2000 के दशक के अंत के चीन की तुलना में काफी ज्यादा है, फिर भी विकास की हमारी महत्वाकांक्षा बस इसी से पूरी नहीं हो सकती। सरकार को यह चुनौती समझनी होगी और इसका समाधान करना होगा।

**( साथ में ऋषिता सचदेव )**

# मोदी नरेटिव से ही जीतते हैं तो इसी से हराओं!

शकील अख़तर

कहानी जो मोदी के इर्द गिर्द घूम रही है उसे विपक्षी एकता के आसपास लाना होगा। अब जो दूसरी तारीख सम्मेलन के लिए हो उसे बहुत गंभीरता से लेने की जरूरत है। वही एक ऐसा हथियार है जिससे विपक्ष मोदी का मुकाबला कर सकता है। बाकी सब मुर्खों की कल्पनाओं जैसी बाते हैं। 2014 और 2019 ऐसे हीबिना तैयारी के हारे। और इस बार भी अगर पूरी तैयारी और विपक्षी एकजुटता नहीं होगी तो मोदी विपक्ष को खर पतवार की तरह काटते हुए निकल जाएंगे। क्या विपक्ष की समझ में अभी भी नहीं आ रहा कि उसकी हार के क्या कारण हैं? केवल एक और बहुत सरल।

कारण है नरेटिव। एक माहौल, एक कहानी! उसे बदलना होगा। और वह भी बहुत सरल है। बस थोड़ा अपने दायरों से बाहर निकलना होगा। आज नरेटिव ( कहानी) क्या है! सब सही हो रहा है। कुछ भी गलत नहीं हो रहा। इतना बड़ा रेल एक्सिडेंट भी। ट्रैक चालू कर दिए हैं। रेल मंत्री ने घटनास्थल का दौरा किया। पीएम भी पहुंचे। और सबसे बड़ी बात सीबीआई इंक्वायरी घोषित कर दी है। जांच सिग्नल प्रणाली, रेल पटरियों की देख-रेख का अभाव, पुराने डिब्बों, तीन लाख खाली पड़े पदों की वजह से कर्मचारियों की कमी और अन्य सुरक्षा खामियों की होना थी। मगर नरेटिव बना दिया आपराधिक षडयंत्र का।

उड़ीसा पुलिस को चेतावनी जारी करना पड़ी। इतनी भयानक मानवीय त्रासदी में शुक्रवार, मस्जिद, मुसलमान का एंगल खोजने वालों के खिलाफ। लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा सोशल मीडिया से लेकर गोदी मीडिया तक अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता उल्टे ऐसी चीजों को और हवा देने के लिए आपराधिक मामलों की जांच करने वाली एजेन्सी सीबीआई को सामने और ले आए।



तो सब मिलाकर कहानी (नरेटिव) क्या चल रही है कि एक्सिडेंट तो पहले भी होते थे मगर अब देखो सरकार कितना काम कर रही है। एक सवाल इस पर नहीं है कि रेल बजट जो अलग से आता था वह क्यों बंद कर दिया? रेल्वे पर हर एंगल से बात हो जाती थी। सिर्फ विपक्ष ही नहीं सत्ता पक्ष के लोग भी खूब सवाल उठाते थे। रेल मंत्री से लेकर, रेल्वे बोर्ड, अफसर, सब स्टाफ चौकन्ने रहते थे। अब तो यह सवाल ही नहीं आता कि रेल्वे में कितनी भर्तियां खाली पड़ी हैं। और क्यों? देश की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी और देश में सबसे ज्यादा नौकरी देने वाले विभाग रेल्वे ने भर्तियां बंद कर रखी हैं। क्यों?

इसलिए कि रेल्वे बेचना है। और खरीदने वाला सेठ कम से कम लायबल्टिज(जिम्मेदारी) चाहता है। इसलिए बुजुर्गों की सबसे ज्यादा महिमा तो गाई जाती है। मध्य प्रदेश जैसे भाजपा शासित राज्य मुफ्त तीर्थ भी करवा लाते हैं। मगर जो वे अधिकार की तरह लेते थे वह वरिष्ठ नागरिक कंसेशन बंद कर दिया। समाज के और भी वर्गों को जिन्हें जरूरत होती थी उनका भी बंद कर दिया। क्यों? क्यों कि खरीदने वाले प्राइवेट सेक्टर को कोई बोझ नहीं देना था। वंदे भारत के किराए इसीलिए इतने ज्यादा रखे गए हैं कि क्रोनीकैपटलिस्टों (दोस्त सेठों) को बढ़ाने की जरूरत नहीं पड़े। उल्टे अपना बड़ा दिल दिखाने के लिए चाहें तो उसमें दस बीस रूपए कम भी कर सकते हैं।

मीडिया इसे जनता को बड़ी राहत, फलाने सेठ की गिफ्ट बताकर खूब धूम धड़ाकाकर देगा। मगर यह नहीं बताएगा कि बालासोर रेल दुर्घटना से पहले कानपुर के पास इन्दौर पटना एक्सप्रेस की बड़ी दुर्घटना हुई थी। 150 से ज्यादा लोग मरे थे। 2016 की बात है। सात साल हो गए। खुद प्रधानमंत्री ने कहा बड़ी साजिश है। तत्कालीन रेल मंत्री सुरेश प्रभु जिनका प्रचार इन नए वाले अश्विनी वैष्णव से बहुत ज्यादा था ने एनआईए से जो आतंकवादी घटनाओं कीजांच के लिए बना था से जांच की मांग की। लेकिन आज तक एनआईए की रिपोर्ट नहीं आई है। मगर उसके बाद 2017 में हुए यूपी विधानसभा चुनाव में इस एंगल की चर्चा करके ही माहौल बनाया गया। याद कीजिए यह वही चुनाव था जिसमें प्रधानमंत्री ने अपना सबसे विवादास्पद बयान श्मशान और कब्रिस्तान दिया था।

तो यह एक उदाहरण दिया जो सबसे लेटेस्ट ( अभी का) था कि मामला चाहे जितना गंभीर हो मगर कहानी एक ही चलेगी कि सब चंगा सी। बाकी सब गलत हैं मोदी सही हैं। चाहे महिला पहलवानों का मामला हो या मणिपुर का, चीन की घुस पैठ का, बेरोजगारी, महंगाई किसी का। मीडिया सबका बचाव करेगा। और नरेटिव यही बनाया जाएगा कि आएगा तो मोदी ही!

विपक्ष को इसी को तोड़ना है। और इसका एक ही तरीका नया नरेटिव सेट करना। शहर में भूत आया भूत घूम रहा है। कल रात यहां दिखा, परसों वहां था कि कहानी खत्म करने के लिए एक सुबह एक आदमी को बोरा लेकर नदी की तरफ निकलना पड़ता है ना! कि देखो बोरे में बंद कर लिया। नदी में फेंकने जा रहे हैं।

कहानी जो मोदी के आसपास घूम रही है उसे विपक्ष को अपनी तरफ लाना होगा। और यही विपक्ष नहीं समझ रहा। 12 जून को होने वाली विपक्षी एकता का पटना सम्मेलन निरस्त करना पड़ा। क्यों? क्योंकि कांग्रेस सहित कुछ और पार्टियों ने कहा कि उनके प्रतिनिधि इसमें शामिल होंगे। ये प्रतिनिधि क्या होता है? जनता मोदी के मुकाबले इनके नाम पर वोट देगी? पिछली बार पटना में ही सीपीआई (एमएल) के सम्मेलन में जहां सबसे पहले नीतीश ने विपक्षी एकता की बात कही थी वहां कांग्रेस ने सलमान खुर्शीद को पहुंचा रखा था। जो विपक्षी एकता पर हनीमून या सेपरेशन जैसा कोई चुटकुला सुना कर आ गए थे।

नीतीश ने बहुत सही कहा है कि प्रतिनिधियों को नहीं पार्टी अध्यक्षों को आना होगा। अगर विपक्षी पार्टियां इसे पहले सम्मेलन को गंभीरता से नहीं ले रहीं तो उन्हें 2024 लोकसभा चुनाव भूल जाना होगा। चुनाव में अब कितने दिन बचे हैं? अगर इसी नवंबर दिसबंर में चार बड़े राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना के साथ नहीं करवाया जिसकी संभावना बहुत से लोगों को दिख रही है तो निर्धारित समय के लिए भी 300 से कम दिन बचे हैं। मार्च 2024 में चुनाव की घोषणा हो जाएगी।

अगर थोड़ा पहले करवाए, समय पूर्व जिसके बारे में राजनीतिक क्षेत्रों केसाथ प्रशासनिक हल्कों में भी सुगबुगाहट है तब तो कोई समय बचा ही नहीं है। और अगर बेरोजगारी, मंहगाई जैसी समस्याएं जिनके ज्यादा विकराल होने कीआशंका बताई जा रही है को महत्व नहीं दिया गया और समय पर ही चुनाव करवाएगए तब भी उनके लिए विपक्ष के पास बहुत ज्यादा समय नहीं है। मगर पता नहीं क्यों विपक्ष यह समझ नहीं रहा है? क्या अगले लोकसभा चुनावसे भी ज्यादा जिसमें हारने का मतलब है लोकतंत्र, सारी संवैधानिक संस्थाएं और खुद विपक्ष पूरी तरह तबाह हो जाना से भी ज्यादा जरूरी कोई काम है?

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239











# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़









## खास खबर

### जय बालाजी इण्डस्ट्रीज ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**दुर्ग।** जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड, औद्योगिक विकास केन्द्र रसमड़ा-बोरई दुर्ग में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान परिसर के अलावा अन्य स्थानों में वृहद पौधा का वितरण एवं वृक्षारोपण किया गया। साथ ही पौधों को जीवित रखने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लिया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर पारिस्थितिक तंत्र की बहाली और प्रकृति के साथ संबंध को पुर्नस्थापित करने पर ध्यान केन्द्रित करना एवं पर्यावरण के प्रति सजगता फैलाने के उद्देश्य से इस वर्ष की थीम पर आधारित प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान एवं हवा, पानी, मिट्टी की अनमोनलता बताते हुए प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग न करने के संबंध में अभियान, पर्यावरणीय संगोष्ठी, साफ-सफाई, दवाई का छिड़काव, कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के महाप्रबंधक ने बताया कि जय बालाजी इण्डस्ट्रीज समूह का उच्च प्रबंधन सदैव से ही अपने कर्मचारियों व श्रमिकों के अलावा आसपास के लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहने के लिए सदैव सचेत रहा है।

### मृतक के परिजन को मिली 25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेक्टर-6, सड़क 39, चां नं. 1 एम, भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग निवासी कृपाशंकर तिवारी की विगत 29 दिसंबर 2021 को मोटर दुर्घटना पश्चात उपचार के दौरान ही मृत्यु हो गई थी। मृतक के परिजन अनकी पत्नि मति उर्मिला तिवारी को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### भूतपूर्व सैनिकों के लिए निकली भर्ती

**दुर्ग।** समस्त भूतपूर्व सैनिकों को सूचित किया जाता है कि कार्यलय कलेक्टर जिला नारायणपुर द्वारा विभिन्न पदों के लिए भर्ती निकाली गई है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, दुर्ग से मिली जानकारी के अनुसार विज्ञापन की विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइट में देखकर उपयुक्त पदों के लिए आवेदन कर सकते है।

### कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा में पात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी

**दुर्ग।** डब्लू.डी.सी.-पीएमकेएसवाई 2.0 अंतर्गत संविदा नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदनों के आधार पर तैयार वरीयता सूची तथा कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची कार्यालय उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लू.सी.डी.सी. जिला-दुर्ग के सूचना पटल एवं वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

# स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में हमने बड़ा काम किया हैः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल केशकाल विकासखंड के ग्राम बेड़मा में आयोजित डड़सेना-कलार समाज के संभाग स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मां दंतेश्वरी, भगवान सहस्त्रबाहु, बहादुर कलारिन और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यर्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डड़सेना-कलार समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को समर्थन मूल्य में 65 प्रकार की वनोपज खरीदी के लिए महुए के फूल से तौलकर आभार जताया।



साथ ही सामाजिकजनों ने गजमाला पहनाकर मुख्यमंत्री का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने डड़सेना-कलार समाज के लिए केशकाल में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 50 लाख रुपये देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा तथा रोजगार के क्षेत्र में हमने बड़ा काम किया है। देवगुड़ी, माता गुड़ी, पेन गुड़ी का निर्माण कर रहे हैं। साथ ही आदिवासी आस्था स्थलों का कायाकल्प भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी नृत्य महोत्सव का भी आयोजन कर रहे हैं।

जिसमें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय कलाकार पहुंचते हैं, जिससे हमारी एक अलग पहचान बनी है। इसके साथ ही हमारे लिए गर्व की बात है कि हाल ही में हमने रायगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का सफल आयोजन किया। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां रामायण पर इतना भव्य आयोजन हुआ और देश ही नहीं विदेश के कलाकार भी इसमें शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि आर्थिक क्षेत्र में हमने बड़े फैसले लिए, किसानों की आय बढ़ाने के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना लागू की। किसानों का ऋण माफी किया। इस साल हम किसानों से 15 क्विंटल की जगह 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि लॉक-डाउन की विपरीत परिस्थिति में भी हमने 17 रुपये किलो के महुआ को 30 रुपये प्रति किलो में खरीदने का काम किया और वनांचल के लोगों को आर्थिक स्थिरता दी। कोदो-कुटकी-रागी की समर्थन मूल्य पर खरीदी की शुरुआत हमने की है, इससे किसानों की आय में जबरदस्त वृद्धि हुई है। मक्का भी समर्थन मूल्य में खरीदा जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मिले हमारा यह प्रयास है। उन्होंने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि आज 500 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। उन्हें बड़े शहरों में काम मिला है, हमारे युवा रोजगार पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी दे रहे है ताकि उन्हें अपना लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी हो। हमने पिछले 2 महीने में 48 करोड़ रूपए बेरोजगारी भत्ता के रूप में देकर युवाओं को सम्बल दिया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे कहा कि डड़सेना-कलार समाज ने भी छत्तीसगढ़ के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह समाज बहुत परिश्रमी है। उन्होंने इस दौरान समाज के नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई भी दी।

उद्योग मंत्री कवासी लखमा, विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम, बस्तर सांसद दीपक बैज, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, विधायक कोण्डागांव मोहन मरकाम, विधायक संजारी-बालोद श्रीमती संगीता सिन्हा और कलार समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गजेंद्र ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस अवसर विधायक नारायणपुर चंदन कश्यप, विधायक अनूप नाग, संभागायुक्त बस्तर श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी., कलेक्टर कोण्डागांव दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार सहित जनप्रतिनिधिगण और आमजन उपस्थित थे।

# दुग्ध उत्पादन से जुड़े महिला समूह के सदस्यों ने मावा से बनी बर्फी से मुख्यमंत्री का मुंह मीठा कराया

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। केशकाल विकासखंड ग्राम बेड़मा में आयोजित डड़सेना कलार समाज के कार्यक्रम में बोलबोला गौठान के दुग्ध उत्पादन से जुड़ी महिला सदस्यों ने बर्फी से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का मुंह मीठा कराया। मुख्यमंत्री ने बर्फी के स्वाद की सराहना की। मुख्यमंत्री ने अपने साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी बर्फी खिलवाई।




छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी सुराजीगांव योजना अंतर्गत स्थापित गौठान अब ग्रामीण आजीविका के केन्द्र बन रहे है। इसी कड़ी में राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त बोलबोला गौठान का मॉडल प्रदर्शित किया गया है जिसकी प्रशंसा भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय द्वारा की गयी है। मिशन रूर्बन अंतर्गत पशुधन विकास विभाग, आदिवासी परियोजना, मनरेगा, डी.एम.एफ एवं कृषि विज्ञान केन्द्र की योजनाओं के अभिसरण से स्थापित सामुदायिक डेयरी इकाई 'मावा बोलबोला कोण्डानार डेयरी' श्वेत क्रांति का प्रतीक बन चुकी है।

## जल जीवन मिशन के तहत कठवा के ग्रामीणों को मिल रहा है अब भरपूर पानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले के सुदूरवर्ती वनांचल ग्राम कठवा जो कि मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुल्हाड़ीघाट का आश्रित ग्राम है। मैनपुर जिला मुख्यालय गरियाबंद से लगभग 45 किलोमीटर दूर है और ग्राम कठवा मैनपुर से 15 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। ग्राम कठवा में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र माने जाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति कमार जाति के अधिकांश लोग निवास करते हैं। यहां जल जल जीवन मिशन के माध्यम से प्रत्येक हर घरों में पाईप लाईन बिछाकर नलों के माध्यम से 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन शुद्ध जल जल जीवन मिशन के माध्यम से उपलब्ध कराया जा रहा है। इस योजना के चलते ग्राम कठवा में प्रत्येक घरों में नल के माध्यम से शुद्ध जल लोगों के लिए सुबह-शाम पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है।

जल जीवन मिशन योजना आने से पहले यहां के लोग घरों से दूर स्थित हैण्डपंप या तालाब से रोजाना पानी की व्यवस्था करते थे। यह उनकी दिनचर्या का एक हिस्सा बन चुका था। बारिश के समय यहां के लोगों को कीचड़ एवं गर्मी के समय तालाब सूख जाने से निस्तारी एवं पेयजल की व्यवस्था करने में समस्या का सामना करना पड़ता था। अब जल जीवन मिशन के तहत घर-घर में नल लगने गांव की राधा बाई एवं सोनबती बताती है कि उन्हें भरपूर मात्रा में पानी मिल रहा है।

# मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले के 515 युवाओं को बांटा नियुक्ति पत्र, युवाओं को रोजगार से जोड़ने की पहल को सराहा

### मुख्यमंत्री का मित्रवत और आत्मीय व्यवहार युवाओं को भाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

कोंडागांव। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछले दिनों युवाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आपको बेरोजगारी भत्ता देने से ज्यादा खुशी तब होगी जब आपके हाथों में रोजगार होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चेहरे पर यही खुशी आज देखने को मिली, जब उन्होंने कोंडागांव जिले के ग्राम बेड़मा में 515 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। खास बात यह रही कि इनमें से 46 ऐसे युवा भी है जिन्हें बेरोजगारी भत्ता मिल रहा था। मुख्यमंत्री ने यह जानकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और युवाओं को रोजगार से जोड़ने की इस पहल को सराहा।



इस दौरान अपने मुख्यमंत्री से मिलने युवा जितने अधिक उत्साहित दिखे, मुख्यमंत्री श्री बघेल भी उसी उत्साह के साथ युवाओं से मिले, उनसे चर्चा की और उनका हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने युवाओं को भावी जीवन की शुभकामनाएं दी और कहा कि यह मात्र एक पड़ाव है, आप सभी खूब आगे बढ़े और तरक्की करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा ऊर्जा के साथ ही हम छत्तीसगढ़ को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री का यह मित्रवत और आत्मीय व्यवहार युवाओं को भा गया और उन्होंने मुझे मिला रोजगार के नारे के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया और अपनी खुशी जाहिर की।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के हाथों आज गंगा और शम्पा को भी नियुक्ति पत्र मिला। बेटियां भी परिवार को संबल दे सकती हैं। इसी उद्देश्य के साथ शम्पा और गंगा की आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने की चाह ने यह राह दिखाई है।

पल्लारी गांव की रहने वाली गंगा मरकाम को सिक्युरिटी स्टाफ के रूप में काम मिला है। नियुक्ति पत्र मिलने पर गंगा ने बताया कि उसे पिछले दो माह में बेरोजगारी भत्ता भी मिल चुका है, लेकिन अब नौकरी मिलने से वो अधिक खुश है। अपने और परिवार की जरूरतों को भी वो अब पूरा कर पाएगी।


इसी तरह कोंडागांव की रहने वाली शम्पा मुखर्जी ने बताया कि उसे सेल्समैन का काम मिला है। उसे पिछले कुछ दिनों से काम की तलाश थी और इसी दौरान प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन हुआ। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से उसे नौकरी मिल गई। शम्पा बताती है कि नौकरी से उसे बड़ा सहारा मिला है और इस बात से वो और परिवार के लोग खुश है। इस पहल के लिए उसने मुख्यमंत्री को धन्यवाद भी दिया। जिला प्रशासन की पहल से जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सभी विकासखंडों में 26 मई से 31 मई 2023 तक प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किये गए थे। जिनमें से 515 चयनित युवाओं को आज मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिला। इनमें 46 ऐसे युवा भी शामिल है, जिन्हें शासन की बेरोजगारी भत्ता योजना का भी लाभ मिल रहा था, लेकिन अब उन्हें भी रोजगार मिल गया है। साथ ही अधिकारियों ने बताया कि जिले में बेरोजगारी भत्ता के पात्र हितग्राहियों में से 55 हितग्राहियों सहित युवाओं को कौशल प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती परीक्षा 22 जून तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती परीक्षा 07 जून, 08 जून, 09 जून, 12 जून, 13 जून,14 जून, 15 जून, 16 जून, 19 जून , 20 जून , 21 जून और 22 जून 2023 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 4:15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में संचालित किया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने परीक्षा के सुचारु रुप से संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमति रुचि शर्मा, रायपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। परीक्षा के दौरान सभी परीक्षार्थियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को कोविड-19 महामारी के दिशानिर्देशानुसार सोशल डिस्टेसिंग सेनेटाईजेशन मास्क पहनना एवं अन्य सभी दिशा निर्देशो का पालन करना अनिवार्य होगा ।










## खास खबर...

### जल जीवन मिशनः राज्य में 23.30 लाख से अधिक परिवारों को मिला घरेलू नल कनेक्शन

**रायपुर।** राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अब तक 23 लाख 30 हजार 317 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 43 हजार 971 स्कूलों, 41 हजार 692 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 290 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में सर्वाधिक 2 लाख 3 हजार 755 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने में सबसे आगे है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में प्रति व्यक्ति, प्रतिदिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी रनिंग वाटर की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही साथ जल जीवन मिशन के कार्यों का क्रियान्वयन का जमीनी स्तर पर सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी डॉ. एस.भारतीदासन और मिशन संचालक आलोक कटियार द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है।

### जनजातीय पारंपरिक सांस्कृतिक जीवनशैली पर शोध-संगोष्ठी

**रायपुर।** जनजातीय पारंपरिक सांस्कृतिक जीवनशैलीः समकालिन परिदृश्य, संरक्षण के प्रयास एवं संभावनाएं विषय पर तीन दिवसीय शोध-संगोष्ठी का आयोजन पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्य्यनशाला के द्वारा किया जा रहा है। भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस संगोष्ठी में देश भर के जनजाति संस्कृति से जुड़े अनुसंधानकर्ता, विषय विशेषज्ञ एवं समाज के वैज्ञानिक भाग लेंगें। यह आयोजन 8 से 10 जून तक चलेगा।

विश्वविद्यालय के कला भवन सभा कक्ष में आयोजित इस संगोष्ठी में 8 जून को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री अजय कुमार मंडावी होंगे। अध्यक्षता पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिानंद शुक्ल करेंगें। मुख्य वक्ता के रूप में टैगोर फेलो संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार प्रो. एस. एन. चौधरी, विशिष्ट अतिथि प्रो. वर्जिनियस खाखा, पूर्व अध्यक्ष खाखा कमेटी भारत सरकार एवं संयोजक प्रो. निस्तर कुजूर होंगें। 10 जून को समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सरजियस मिंज, विशिष्ट अतिथि टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान के प्रो. विपिन जोजो, अध्यक्षता पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिानंद शुक्ल करेंगे एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. निस्तर कुजूर होंगे।

### छत्तीसगढ़ में गर्मी से जल्द मिलेगी राहत, बदलेगा मौसम का मिजाज

**रायपुर ( ए )।** अरब सागर में बन रहे चक्रवात के प्रभाव से आने वाले कुछ दिनों में ही छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार 10 जून के बाद से देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही प्रदेश में भी बारिश के आसार बन रहे है। हालांकि मानसून की रफ्तार अभी भी थोड़ी धीमी है और इसके बाद ही मानसून की सक्रियता में तेजी आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में मानसून 20 जून तक प्रदेश करना संभावित है। गौरतलब है कि अभी तक मानसून का प्रवेश केरल में भी नहीं हुआ है। इन दिनों सुबह से ही सूरज के तेवर तीखे हो जाते है, जो दोपहर तक और ज्यादा बढ़ जाती है। सुबह दस बजे से ही धूप में चुभन शुरू हो गई है, इसके साथ ही गर्म हवाओं ने उमस में बढ़ोतरी कर दी है। मंगलवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस कम है।

# प्रेक्षक हैं निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिः आयुक्त ठाकुर राम सिंह

## निर्वाचन प्रेक्षकों को वीसी के जरिये दी गई जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नगरपालिकाओं और त्रि स्तरीय पंचायतों के आम और उप निर्वाचन 2023 के लिए नियुक्त निर्वाचन प्रेक्षकों की आज छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रखी गई। दोपहर साढ़े 12 बजे से आहुत इस बैठक में निर्वाचन प्रेक्षक के तौर पर नियुक्त अधिकारियों को उनकी भूमिका, दायित्व और अधिकार इत्यादि के विषय में विस्तार से बताया गया।




इस मौके पर राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने वीसी को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आयोग प्रेक्षकों की नियुक्ति करता है। अतः यह प्रेक्षक आयोग के प्रतिनिधि के तौर पर काम करेंगे। उन्होंने सबको उत्साहित करते हुए कहा कि बिना तनाव के, लेकिन गंभीरता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने ज़ोर दिया कि प्रेक्षक के तौर पर नियुक्त अधिकारी सुनिश्चित करें कि नगरीय निकाय और पंचायत के जिस क्षेत्र में निर्वाचन होना है वहां आदर्श आचरण संहिता सही तरीक़े से लागू हो। निर्वाचन से संबंधी अगर कहीं कोई शिकायत हो तो उसका निराकरण करने का प्रयास भी करें। जहां नगर पालिकाओं का चुनाव होना है वहां राजनैतिक दलों की बैठक में प्रेक्षक भी मौजूद रह सकते हैं। बैठक में आयुक्त सिंह ने आयोग की पहल (ओएनएनओ-ऑनलाईन नॉमिनेशन) और जाबो के बारे में भी जानकारी दी जिससे अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित हों।

सचिव मोहम्मद अब्दुल कैसर हक ने कहा कि स्थानीय निर्वाचन सुदृढ़ तरीके से हो इसके लिए सभी प्रेक्षक अच्छे से काम करें। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी प्रेक्षक अपने दायित्व का सही तरीके से निर्वहन करेंगे। यह भी कहा कि यदि निर्वाचन संपन्न कराने में कोई दिक्कत आती है तो आयोग से बेझिझक संपर्क कर सकते हैं।

बैठक में अवर सचिव आलोक श्रीवास्तव ने प्रेक्षक की भूमिका, दायित्व और अधिकार से सबको अवगत कराया। इसमें अभ्यर्थी द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिला, संविक्षा, प्रतीक आवंटन, प्रचार काल में प्रेक्षक की भूमिका और दायित्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसी तरह मतदान पूर्व निर्वाचन प्रबंधन, मतदान दिवस का प्रबंधन के टिप्स दिये गये। साथ ही मतगणना में प्रेक्षकों की भूमिका और नगर पालिका और त्रि स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन के लिए भेजे जाने वाले प्रतिवेदन के विषय में भी बताया गया।

### नगर पालिका निर्वाचन के लिए पांच प्रतिवेदन भेजना होगा

ज्ञात हो नगर पालिका के निर्वाचन में नियुक्त प्रेक्षक द्वारा आयोग को पांच प्रतिवेदन भेजे जाएंगे। पहला संविक्षा के तुरंत बाद, दूसरा अभ्यर्थिता वापसी और प्रतीक आवंटन के बाद, तीसरा प्रतिवेदन मतदान के दो दिन पहले भेजा जाना होगा। चौथा प्रतिवेदन मतदान के तुरंत बाद और पांचवा प्रतिवेदन मतगणना के फौरन बाद भेजना होगा।

### पंचायत निर्वाचन के लिए प्रतिवेदन

इसी तरह त्रि स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन में तैनात प्रेक्षक कुल पांच प्रतिवेदन आयोग में भेजेंगे। पहला नामांकन प्रक्रिया के दौरान, दूसरा प्रतीक आवंटन के बाद, और तीसरा मतदान के दो दिन पहले भेजेंगें। इसके अलावा चौथा मतदान के दिन शाम या फिर मतदान के दूसरे दिन सुबह 10 बजे तक और पांचवा और आखिरी प्रतिवेदन सारिणीकरण/परिणाम घोषणा के फौरन बाद भेजना होगा। आज की वीसी में निर्वाचन कार्यक्रम की जानकारी भी प्रेक्षकों को दी गई। इस अवसर पर अवनीश शरण, संचालक तकनीकी शिक्षा, रोजगार प्रशिक्षण, जगदीश सोनकर संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, डी. राहुल वेंकट, उप सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग, आयोग के उपसचिव द्वय दीपक अग्रवाल, अंकिता गर्ग सहित आयोग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गौठान से महिलाओं को मिल रही जीवन जीने का नया तरीका



### गोठान से गांव की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर मिला रोजगार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** गोबर से जिंदगी बदल जाने की कल्पना शायद ही किसी ने कभी की होगी। आज छत्तीसगढ़ सरकार की गोधन न्याय योजना ने स्थानीय ग्रामीण महिलाओं को जीवन जीने का एक नया तरीका दिया है। अब महिलाएं अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ -साथ परिवार के अन्य खर्चों में अपनी महती भूमिका निभा रही है। ऐसे ही लाखों लोगों की जिंदगी बदल रही है और गोबर तथा सब्जी बेचकर आमदनी प्राप्त कर रही है।

जिले के तिल्दा विकासखंड के ग्राम गनियारी में राज्य सरकार द्वारा 6 एकड़ में गौठान की स्थापना की गई है। जिसमे वर्मी उत्पादन के लिए टांके और सब्जी के लिए बाड़ी बनाई गई। धनलक्ष्मी गौठान समूह की महिलाएं गौठान और बाड़ी के माध्यम से कार्य कर रही है। समूह में 12 महिलाएं कार्य कर रही है। गौठान में अभी वर्मी उत्पादन का कार्य चल रहा है जिसमे अब तक 450 बोरी वर्मी समूह द्वारा बनाया गया है।

समूह की अध्यक्ष माहेश्वरी घटियारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस पहल से अब हमे रोजगार के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ रहा है। वर्मी कम्पोस्ट निर्माण जैसी आर्थिक गतिविधि से अन्य गौठान के स्व सहायता समूहों की तरह उनके समूह को भी अच्छी आमदनी होगी। समूह की महिलाओं को गौठान से आय का नया जरिया मिला है। समूह की महिलाओं ने जिंदगी बदलने वाली इस योजना के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया।

अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह

## छत्तीसगढ़ के महत्तवपूर्ण अभिलेखों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी 9 जून तक

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के तहत 'छत्तीसगढ़ के महत्त्वपूर्ण अभिलेखों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी प्रारंभ हो गया है। प्रदर्शनी का उदघाटन संचालक श्री विवेक आचार्य ने 5 जून को किया, यह प्रदर्शनी 9 जून तक चलेगा।

छायाचित्र प्रदर्शनी महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर की कला वीथिका (आर्ट गैलेरी) में आयोजित है। प्रदर्शनी में 1952 में भारत के विभिन्न विलीनीकृत राज्यों जैसे रायगढ़ जशपुर, बस्तर, कांकेर, सरगुजा, नांदगांव और कवर्धा के झंडों का चित्रमय विवरण, सारंगढ़, क्रांतिकुमार भारतीय द्वारा दिये गए वक्तव्य, स्वरचित कविता वीरों की होली' 22 नवंबर से 27 नवंबर 1933 तक गांधीजी के छत्तीसगढ़ में आगमन से संबन्धित दस्तावेज, नगरी प्रचारणी के हीरक जयंती उत्सव पर मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल का सम्मेलन और गोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रभाषा के संबंध में भाषण, काशी, राजिम ग्राम पंचायत का गठन 1938-1941 से संबन्धित दस्तावेज़ और सन् 1949 में चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य का रायपुर के राजकुमार कालेज में आगमन इत्यादि से संबन्धित लगभग 150 पृष्ठों की प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए सुबह 10 से शाम 06 बजे तक निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। 9 जून को संग्रहालय के सभागार में सवेरे 11 बजे से व्याख्यान कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। इस अवसर पर अभिलेखागार प्रभारी डॉ. प्रताप चंद पारख, ए.एल. पैकरा, सुश्री शाना सोनल, मुख्य रसायनज्ञ फलाबिया सुकृता तिर्की उपस्थित थी।

# राज्य शासन की सुराजी गांव योजना से महिलाएं बना रही समाज में अलग पहचान

मुरा गौठान की गोवर्धन समूह की दीदीयों को वर्मी कम्पोस्ट और अन्य उत्पादों के विक्रय से लगभग 3 लाख रुपए की हुई आय

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** राज्य शासन की सुराजी गांव योजना के अंतर्गत गौठानों में महिलाओं को रोजगार देकर उनके लिए आर्थिक स्त्रोत का माध्यम बनाया गया है। जिले के तिल्दा विकासखंड के मुरा गौठान में महिलाओं को स्वयं का रोजगार मिलने से आय का जरिया बना है,इससे न केवल परिवार में अपितु ग्रामीण समाज में अपनी अलग पहचान बना रही है। गौठानों में संचालित विभिन्न आयमूलक गतिविधियों का संचालन समूह की महिलाएं बड़ी आसानी से सफलतापूर्वक कर रही है।

ज्ञात हो मुरा गौठान लगभग 18 एकड़ में स्थापित है जिसमे 3 एकड़ में बाड़ी,9 एकड़ में चारागाह और 6 एकड़ में गौठान है। गोवर्धन गौठान समूह की दीदीयों ने वर्मी का उत्पादन कर अब तक लगभग 2 लाख रुपये का लाभांश प्राप्त किया है। जो उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है। इसी तरह बाड़ी में भिंडी, गलका, लौकी, प्याज जैसी सब्जियों के उत्पादन से लगभग 1 लाख हजार का मुनाफा समूह को हुआ है। इस समूह की महिलाएं होने वाली आय से परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपने सपनों को पूरा कर रही हैं।

समूह की अध्यक्ष पद्मा यादव बताती है कि गौठान के कारण महिलाओं को अब रोजगार ढूंढने बाहर नहीं जाना पड़ता और प्राप्त लाभांश से समूह की महिलाओं ने अपने लिए गहने भी लिए है। समूह की सदस्य मुकेश्वरी सोनवानी ने बताया कि गौठान से हुई आय से उन्होंने अपने लिए मंगलसूत्र लिया है। समूह की अन्य सदस्य राधिका साहू कहती है की गौठान से हुई आय से उन्होंने अपने लिए करधन खरीदा है।

# छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा के लिए बेहतर हो रहा माहौल

### दूरस्थ इलाकों में आसान हुई उच्च शिक्षा पाने की राह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** पहले जिन क्षेत्रों में उच्च शिक्षा पाने के लिए विद्यार्थियों को मीलों चलना पड़ता था। आज वहां नवीन महाविद्यालय के बन जाने से उच्च शिक्षा की राह बेहद आसान हो गई है, अब उन्हें कई किलोमीटर का सफर तय नहीं करना पड़ता, क्योकि आवापल्ली, कुआकोण्डा, तोंगपाल जैसे दुर्गम क्षेत्रों में अब महाविद्यालय खुल चुके हैं। कुआकोण्डा का उदाहरण लें, दंतेवाड़ा जिले के इस ब्लॉक के अंदरुनी गांवों के छात्रों को जिला मुख्यालय तक कॉलेज पहुंचने के लिए 80 किलोमीटर तक की दूरी भी तय करनी पड़ती थी। इसके कारण से हायर सेकेण्डरी के बाद काफी लोग पढ़ाई छोड़ देते थे, लेकिन अब कॉलेज प्रारंभ होने के बाद उच्च शिक्षा सहज उपलब्ध हो गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल की पहल पर उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली कठिनाई से छात्र-छात्राओं को मुक्ति मिली है। राज्य सरकार ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की आयु सीमा समाप्त कर दी है, इससे किसी कारणवश पढ़ाई बीच में ही छूट चुके लोगों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए एक अच्छा अवसर मिला है। महाविद्यालयों में



अधोसंरचना का विकास और अध्ययन-अध्यापन के लिए संसाधनों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या में भी वृद्धि हो रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है, जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय महाविद्यालय खोले गए हैं एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय आरंभ हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में 285 शासकीय महाविद्यालय, 12 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 252 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। कुल 27 विषयों पर 1384 रिक्त पदों के लिए भर्ती जारी की गई थी, जिसमें से 1167 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। वर्ष 2018-19 में जहां 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया वहीं 2022-23 में यह बढ़कर छात्रों की संख्या 1,28,310 एवं छात्राओं की संख्या 2,06,829 हो गई है। जो कि छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या 61 प्रतिशत अधिक है।

अधोसंरचना एवं संसाधनों की बढ़ोतरी होने की वजह से राज्य के कॉलेजों की एक नई पहचान बन रही है। एजुकेशन वर्ल्ड ऑटोनॉमस कॉलेज रैंकिंग 2023-24 में छत्तीसगढ़ के 6 कॉलेजों को टॉप 100 में जगह मिली है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में कारगर है गुलाबजल, फायदे जानकार होगी हैरानी

यदि आप भी अभी तक गुलाब जल का उपयोग नहीं करती हैं तो इसके फायदे जानने के बाद अवश्य करने लगेंगी। गुलाब जल को त्वचा पर लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। ये ना सर्फ त्वचा को नेचुरल ग्लो देता है बल्कि जल्दी से दिखने वाली एजिंग को भी समाप्त करता है। चेहरे के सबसे सेंसेटिव स्किन एरिया आंखों के आसपास की त्वचा पर गुलाबजल लगाने के बहुत सारे फायदे हैं। 30 के पश्चात् आंखों के आसपास की त्वचा यदि डार्क नजर आने लगी है तथा उस पर रिंकल हो रहे हैं तो इन तरीकों से गुलाब जल लगाएं।




### रिंकल्स के लिए

आंखों के आसपास की त्वचा यदि लूज होने लगी है तो प्रतिदिन आधा चम्मच बादाम के तेल में गुलाब जल की कुछ बूंदों को मिलाकर हल्के हाथ से मसाज करें। लगभग आधे घंटे बाद चेहरे को वॉश कर लें।

### डार्क सर्कल के लिए

आंखों के नीचे गहरे काले घेरे पड़ गए हैं तो चंदन पाउडर में गुलाबजल को मिक्स कर लें। इस पेस्ट को आंखों के आसपास के भाग पर लगाकर छोड़ दें। लगभग 10 मिनट पश्चात् पानी से भीगे कॉटन बॉल की सहायता से क्लीन कर दें। ये आंखों के आसपास की सेसेंटिव स्किन को एक्सफोलिएट कर देगा।

### आंखों को रिलैक्स करने के लिए

निरंतर स्क्रीन पर देखते-देखते आंखें थक गई हैं तो गुलाबजल की कुछ बूंदों को कॉटन बॉल पर डुबोएं एवं फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। इन कॉटन बॉल्स को आंखों पर लगभग 30 मिनट रखें। इससे आंखों की जलन और थकान दूर होगी और चेहरे पर फ्रेशनेस नजर आएगी।

# इन महिलाओं को ज्यादा होता है किडनी डिजीज का खतरा



किडनी से संबंधित परेशानियों का सामना किसी भी व्यक्ति को किसी भी उम्र में करना पड़ सकता है, लेकिन महिलाएं इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं. 30 वर्ष की उम्र के बाद अधिकतर महिलाओं को किडनी से संबंधित बीमारियों का सामना करना पड़ता है. 30 साल के बाद महिलाओं में किडनी संबंधित परेशानियों के मुख्य कारण निम्नलिखित हो सकते हैं:-

### उम्र

महिलाओं में उम्र के साथ किडनी के संबंधित समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। जैसे कि उम्र बढ़ने के साथ, किडनी की कार्यशीलता में कमी हो सकती है और किडनी की संरचना में परिवर्तन हो सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### डायबिटीज (मधुमेह)

डायबिटीज महिलाओं में किडनी संबंधित समस्याओं का मुख्य कारण हो सकता है। उच्च रक्त शर्करा स्तर के कारण, किडनी के रक्त संचार में कमी हो सकती है और किडनी को क्षति पहुंच सकती है।

### हार्ट रोग

हृदय रोगों के मौजूद होने पर किडनी पर अस्पष्ट प्रभाव पड़ सकता है। उच्च रक्तचाप, अवसाद या अन्य हृदय समस्याएं किडनी के संबंधित स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं।

### विटामिन और मिनरल की कमी

आपूर्ति में विटामिन और मिनरल की कमी किडनी स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकती है। विटामिन डी, बी-कॉम्प्लेक्स या उपादानों की कमी से किडनी संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

### रक्तनलिका संक्रमण

महिलाओं में रक्तनलिका संक्रमण किडनी संबंधित समस्याओं का एक प्रमुख कारक हो सकता है। संक्रमण किडनी की संरचना और कार्यशीलता को प्रभावित कर सकता है, जिससे संबंधित समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यदि किसी महिला को किडनी संबंधित समस्याएं हो रही हैं, तो उन्हें एक वैद्यकीय विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए ताकि उचित निदान और उपचार प्राप्त कर सकें।



# अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए 'मिजार्पुर 3' में आ रही ईशा तलवार

एक्ट्रेस ईशा तलवार फिलहाल 'मिजार्पुर 3' का इंतजार कर रही हैं। अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब कोई एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, तो दिलचस्प ड्रामे के अलावा किसी और चीज की उम्मीद न करें। एक्ट्रेस माधुरी यादव की भूमिका में हैं। सीजन 3 में वह मुन्ना भैया की पत्नी के रूप में नजर आएंगी और अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए गुड्डू पंडित (अली फजल) और गोलू गुप्ता (श्वेता त्रिपाठी शर्मा) से मुकाबला करेंगी।

ईशा ने कहा-माधुरी यादव, जैसा कि हमने पहले ही मिजार्पुर सीजन 2 में देखा था, कालीन भैया से सत्ता लगभग छीन ली थी, जिसका किरदार पंकज त्रिपाठी ने निभाया था।

जब आप शो में इस तरह के एक महत्वपूर्ण किरदार को देखते हैं, तो ड्रामा के अलावा कुछ भी उम्मीद न करें। यह अगला भाग शो के करीब एक और कहानी के लिए छोड़ा जा सकता है क्योंकि मुन्ना की मौत के बारे में दर्शक अभी भी भ्रमित हैं, मैं इसे व्यक्तिगत अनुभव से जानती हूं। वह हाल ही में होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'सास बहू और फ्लेमिंगो' में नजर आई थीं।

'सास बहू और फ्लेमिंगो' में सावित्री के किरदार में डिंपल कपाड़िया भी हैं, जो एक ड्रग कार्टेल चलाती हैं, और उनकी बहु अंगिरा धर और ईशा व बेटी राधिका मदान द्वारा समर्थित है। इस शो में नसीरुद्दीन शाह, आशीष वर्मा, वरुण मित्रा, उदित अरोड़ा, दीपक डोबरियाल, मोनिका डोगरा और जिमित त्रिवेद भी हैं। यह वर्तमान में डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग है।

# मैं अपने एक्टिंग स्किल को आगे बढ़ाना चाहता हूं: राघव जुयाल



एक्टर-डांसर राघव जुयाल का शेड्यूल बेहद बिजी है। वह एक के बाद एक फिल्मों की शूटिंग कर रहे हैं और खुद को बेहतरीन कलाकार के तौर पर साबित कर रहे हैं। सलमान खान स्टारर किसी का भाई किसी का जान के बाद वह एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ फिल्म युद्ध की तैयारी कर रहे हैं। इसके अलावा, वह ऑस्कर पुरस्कार विजेता सिख एंटरटेनमेंट की दो प्रोजेक्ट का भी हिस्सा हैं।

इस बारे में बात करते हुए, राघव ने कहा:- मैंने फैसला लिया कि मैं अपने एक्टिंग स्किल्स को आगे बढ़ाना चाहता हूं। मैं किसी भी इंडस्ट्री से दूर नहीं गया, लेकिन एक क्राफ्ट पर फोकस करना चाहता हूं। एक्टिंग, जिसे मैं हमेशा से करना चाहता था।

उन्होंने आगे कहा- अपने आखिरी टीवी अपीयरेंस के बाद मैंने पॉज लिया। मैं वास्तव में भाग्यशाली हूं कि मुझे अद्भुत फिल्म निर्माताओं और कुछ रोमांचक परियोजनाओं के साथ काम करने का मौका मिला। बैक-टू-बैक पांच फिल्मों के लिए शॉट, काम बहुत अच्छा रहा है, क्योंकि यह वही है जो मैं करना चाहता था और मुझे खुशी है कि यह सब अब शेप ले रहा है।

# तमन्ना भाटिया की जी करदा इस ओटीटी पर होगी रिलीज, सामने आई तारीख



एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की अपकमिंग कंटेम्परेरी रोमांस ड्रामा सीरीज जी करदा 15 जून से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

जी करदा, जो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी, बचपन के सात दोस्तों की एक दिलचस्प कहानी है, जिन्होंने सोचा था कि जब वे 30 साल के होंगे, तब उनकी जिंदगी बेहद आसान और सपनों-सी सुंदर होगी।

हालांकि, 30 साल के होने पर उन्हें एहसास होता है कि उनकी जिंदगी तो परेशानियों से भरी है। वे साथ रहते हैं, प्यार करते हैं, हंसते हैं, गलतियां करते हैं, उनका दिल टूटता है, और वे थोड़े बड़े हो जाते हैं, लेकिन इस सब के बीच उन्हें लगता है कि गहरी दोस्ती और गहरे नाते भी अधूरे होते हैं और जिंदगी अबूझ पहेली की तरह है।

दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित जी करदा अरुणिमा शर्मा द्वारा लिखित और निर्देशित है और हुसैन दलाल और अब्बास दलाल द्वारा सह-लिखित है। आठ एपिसोडिक शो में आशिम गुलाटी, सुहैल नय्यर, अन्या सिंह, हुसैन दलाल, सायन बनर्जी, संवेदना सुवालका, सिमोन सिंह और मल्हार ठाकर भी हैं।

इंडिया ओरिजिनल्स, प्राइम वीडियो की प्रमुख अपर्णा पुरोहित ने कहा, जी करदा प्यार, दिल टूटने, डेटिंग, परिवार से जुड़ाव और इन सब बातों से बढ़कर, दोस्ती के अटूट बंधन के बारे में दिल को छू लेने वाली कहानी है, जो हमें रोजमर्रा की जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ावों से भरे सफर पर ले जाती है।

# थमने का नाम नहीं ले रहा रकुल प्रीत सिंह का बोल्ड अवतार, समुंद्र किनारे हॉट लुक देख आहें भर रहें फैंस



बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने लुक्स को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस हर वक्त अपने फैशन स्टेटमेंट से लोगों को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। इन दिनों एक्ट्रेस अपना वेकेशन मालदीव में एन्जॉय कर रही हैं। वहीं से एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट अंदाज में फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल प्रीत की बोल्डनेस देख कर लोगों की नजरें हटने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह इन दिनों मालदीव में अपनी छुट्टियां मना रही हैं। उन्होंने वेकेशन के दौरान अपनी बेहद ही सेक्सी बिकिनी फोटोज पोस्ट किए हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने रेड कलर की बिकिनी पहनी हुई है, जिसमें वो सुपर बोल्ड नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह अपनी इन फोटोज में परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करते हुए हॉट पोज दे रही हैं। ओपन हेयर और नो मेकअप लुक कर के एक्ट्रेस रकुल प्रीत ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत अपनी इन तस्वीरों में किलर अंदाज में ग्लैमरस अंदाज से लोगों के दिलों पर खंजर चला रही हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस समुद्र के किनारे मस्ती करते हुए नजर आ रही हैं। रकुल प्रीत सिंह इन दिनों अपने पोस्ट के दौरान लगातार अपने फैंस से जुड़ी हुई हैं। हालांकि फैंस को भी उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं। एक्ट्रेस रकुल की इन तस्वीरों पर 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने लाइक कर दिया है।

# सलमान खान को अच्छी स्क्रिप्ट का इंतजार, करण जौहर और सूरज बड़जात्या संग चल रही बातचीत

सलमान खान इन दिनों अपनी फिल्म टाइगर 3 को लेकर सुर्खियों में हैं तो हाल ही में उनका शाहरुख खान के साथ शूटिंग से एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस सबके बीच प्रशंसक ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि सलमान आगे किन फिल्मों का हिस्सा बनने वाले हैं। कहा जा रहा है अभिनेता फिलहाल सही स्क्रिप्ट की तलाश में हैं और उनकी करण जौहर, साजिद नाडियाडवाला और सूरज बड़जात्या संग बातचीत भी चल रही है। सलमान के करीबी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, अभिनेता इन दिनों सूरज, करण और साजिद से जवाब मिलने का इंतजार कर रहे हैं। सूत्र के अनुसार, सलमान नो एंट्री 2 करने के इच्छुक हैं, लेकिन फिल्म से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन्हें सुलझाया जाना बाकी है और उन पर अब उनकी टीम काम कर रही है। सूत्र ने बताया कि अभिनेता 3 परियोजनाओं को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिसकी उन्हें पटकथा सुननी है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान का करें बेहतरीन क्रियान्वयन - कलेक्टर

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के बेहतरीन क्रियान्वयन करने के दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत मिलने वाले गर्म भोजन की जानकारी ली। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के अनियमितताओं पर सुधार लाने एवं पंजी नियमित रूप से संधारित करने कहा। जिले के कई आंगनबाड़ी केंद्रों में पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता और सहायिका की नियुक्ति नहीं हुई है उसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए सोमवार 12 जून को एक दिवसीय महाअभियान में भाग लेने कहा। इसके लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने सुपरवाईजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को नए मतदाताओं की पहचान कर नाम जोड़ने कहा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने कहा कि जिले में सुपोषण के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करें। ऐसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कुपोषण की स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए सुपरवाइजरों को गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही नोनी सुरक्षा योजना एवं मातृत्व वंदना योजना की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने पोषण ट्रैकर पर नियमित अद्यतन करने के निर्देश दिए।

### सारथी-एक कदम समाधान की ओर

**दुर्ग।** जनता की समस्याओं और शिकायतों को प्रभावी ढंग से दूर करने के लिए, दुर्ग जिला प्रशासन ने लोक शिकायत प्रकोष्ठ के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू करके एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हेल्पलाइन का उद्देश्य निवासियों को अपनी शिकायतों के निराकरण और निवारण की तलाश करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। नागरिक अब ऑनलाइन उपलब्ध आवेदन के माध्यम से किसी भी प्रारूप में अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं, चाहे वह ऑडियो, वीडियो, टेक्स्ट, फोटो या दस्तावेज हो। यह ऐप उपयोगकर्ता के लिये अनुकूल सुविधा सुनिश्चित करती है । व्यक्ति आसानी से अपने पसंदीदा माध्यम का उपयोग करके अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ऐप उपयोगकर्ताओं को उनकी शिकायतों की स्थिति पर वास्तविक समय के अपडेट को ट्रैक करने और प्राप्त करने की अनुमति देता है। शिकायत दर्ज करने के बाद, उपयोगकर्ताओं को सारथी-ई ऐप के माध्यम से एक अद्वितीय आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे वे अपनी शिकायतों की प्रगति की निगरानी कर सकेंगे। इसके अलावा जनदर्शन, जन चौपाल और जन शिकायत जैसे अन्य प्लेटफार्मों के माध्यम से दर्ज शिकायतों को भी ऐप का उपयोग करके एक स्थान पर देखा जा सकता है।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक

**मोहला ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एस जयवर्धन के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला मुख्यालय मोहला में बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक अधिकारियों-कर्मचारियों, एनसीसी के बच्चों द्वारा रैली निकाली गई। इसी तरह मानपुर विकासखंड और अंबागढ़ चौकी विकासखंड मुख्यालय में भी मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने की अपील की गई। वहीं वर्तमान में 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक जिनका मतदाता परिचय पत्र नहीं बना है उन्हें बनवाने की अपील की गई। साथ ही मतदाता परिचय पत्र बनाने के लिए संबंधित कर्मचारी घर-घर पहुंच रहें हैं उनका सहयोग करने के लिए कहा गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, जनपद सीईओ श्री गोपाल सिंह कंवर, शिक्षा विभाग सहित अन्य विकासखंड अधिकारी मौजूद थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सीएमएचओ ने किया पौधरोपण

**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर एवं विभाग की टीम ने कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करने के लिये समस्त जनता को जागरूक करना है। विश्व पर्यावरण दिवस जिसका थीम बीट प्लास्टिक प्रदूषण है साथ ही थीम बीट प्लास्टिक प्रदूषण पर मेडिकल कालेज के नर्सिंग छात्रा के साथ ड्राइंग /पेटिंग की प्रतियोगिता कराया गया। जिसमें प्रथम-कु.राधा साहू, द्वितीय-शिल्पा रॉय एवं तृतीय स्थान पर पायल साहू रही। उक्त सभी छात्रों को सीएमएचओ डॉ.ठाकुर ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

राष्ट्रपति सूरीनाम में भारतीय लोगों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक समारोह में शामिल हुईं

# सूरीनाम में रहने वाला भारतीय समुदाय भारत और सूरीनाम के बीच गहरी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है: राष्ट्रपति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। पारामारिबो के इंडिपेंडेंस स्क्वायर में सभा को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम सूरीनाम में भारतीय लोगों के आगमन की 150वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, जो सूरीनाम के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आज ही के दिन, वर्ष 1873 में, भारतीय लोगों का पहला समूह लल्ला रूख नाम के जहाज पर सवार होकर सूरीनाम के तट पर पहुंचा था, जोकि इस देश के इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत थी।**



राष्ट्रपति ने कहा कि एक बहुसांस्कृतिक समाज और अवसरों की एक भूमि के रूप में, सूरीनाम ने वहां आकर बसने वाले सभी विविध समुदायों का स्वागत किया है। इन वर्षों के दौरान, विविध समुदायों के लोग एक परिवार और एक देश के रूप में उभरे। उन्होंने एकता और समावेशिता के प्रति समर्पण एवं प्रतिबद्धता के लिए सूरीनाम के लोगों की सराहना की।

राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि व्यापक भौगोलिक दूरियों, विभिन्न समय क्षेत्रों और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद, भारतीय प्रवासी हमेशा अपनी जड़ों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 150 वर्षों में, भारतीय समुदाय न केवल सूरीनाम के समाज का एक अभिन्न अंग बन गया है, बल्कि यह भारत और सूरीनाम के बीच गहरी साझेदारी का एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि एक ऐसे समय में जब सूरीनाम अपने पूर्वजों की विरासत और भारत के साथ अपने संबंधों का उत्सव मना रहा है, भारत एकजुटता और आदर के साथ सूरीनाम के साथ खड़ा है। उन्होंने ओसीआई कार्ड के लिए पात्रता संबंधी मानदंड का विस्तार भारतीय क्षेत्रों से सूरीनाम आए मूल भारतीय प्रवासियों की चौथी पीढ़ी से आगे जाकर छठी पीढ़ी तक करने के भारत सरकार के निर्णय की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस ओसीआई कार्ड को भारत के साथ उनके 150 साल पुराने रिश्ते की एक अहम कड़ी के तौर पर देखा जा सकता है। उन्होंने प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों से भारत के साथ अपने संबंधों को बनाए रखने की दिशा में प्रयास जारी रखने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि सूरीनाम और भारत दोनों ने औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के बाद अपनी अर्थव्यवस्थाओं और सामाजिक व्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण की दिशा में अथक प्रयास किए हैं। इस अनुभव ने दोनों देशों के बीच एकजुटता की भावना पैदा की है। उन्होंने कहा कि भारत और सूरीनाम के बीच द्विपक्षीय संबंध विकास की साझा आकांक्षाओं पर आधारित हैं। इससे पहले दिन में, राष्ट्रपति ने बाबा और माई स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की, जो सूरीनाम की धरती पर पहली बार कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला का प्रतीकात्मक चित्रण है। इसके बाद, उन्होंने मामा स्रानन स्मारक पर अपना सम्मान प्रकट किया। यह स्मारक मामा स्रानन, अपने पांच बच्चों (सूरीनाम में देखभाल और स्नेह के साथ निवास करने वाली पांच प्रजातियों) को धारण करने वाली सूरीनाम माता का प्रतीक है।

प्रेसिडेंशियल पैलेस में आयोजित एक समारोह में, राष्ट्रपति मुर्मु को सूरीनाम के राष्ट्रपति द्वारा सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार' से सम्मानित किया गया। अपनी स्वीकृति संबोधन में, राष्ट्रपति ने उन्हें यह सम्मान प्रदान करने के लिए राष्ट्रपति संतोखी और सूरीनाम सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल उनके लिए बल्कि भारत के 1.4 अरब से अधिक लोगों के लिए भी बेहद महत्व रखता है। उन्होंने इस सम्मान को भारतीय-सूरीनाम समुदाय की उन क्रमिक पीढ़ियों को समर्पित किया, जिन्होंने दोनों देशों के बीच भाईचारे के संबंधों को समृद्ध करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने सूरीनाम के राष्ट्रपति द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में भी भाग लिया।

# मुख्यमंत्री बघेल ने प्रतिभावान विद्यार्थियों का किया सम्मान

## समर कैंप में सीखी कला की बच्चों ने दी प्रस्तुति, मुख्यमंत्री ने की सराहना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने केशकाल विकासखंड के बेड़मा प्रवास के दौरान 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में कोंडागांव जिले से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करते हुए जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 05 विद्यार्थियों का भी सम्मान किया।**

विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा के विकास के लिये प्रशासन द्वारा आयोजित समर कैम्प में 9 विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। समर कैंप में सीखी गई कला का प्रदर्शन बच्चों ने कार्यक्रम में बनाए गए एक स्टॉल में किया, जिसकी मुख्यमंत्री ने सराहना की। समर कैम्प में पेंसिल स्केच से मुख्यमन्त्री का चित्र उकेरने वाले आत्मानंद स्कूल केशकाल के कक्षा नवमी के छात्र आदीदेव सोनवानी और बेड़मा निवासी मनीष पांडेय ने मुख्यमंत्री को चित्र भेंट किया । बच्चों की मांग पर मुख्यमंत्री ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

सत्र 2023 के बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं में जिले के टॉप 6 विद्यार्थियों जिनका प्राप्तांक 90 प्रतिशत से अधिक है, इसी प्रकार सत्र 2023 के बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं में जिले के टॉप 5 विद्यार्थियों जिनका प्राप्तांक 90 प्रतिशत से अधिक प्राप्त किये है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इन विद्यार्थियों के साथ जिले में 33 हाई - हायर सेकेण्डरी स्कूलों को, जहां परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, स्कूलों को सम्मानित किया।

सरकार की नई पहल

# डॉक्टर तुमचो दुआर का किया शुभारंभ, एक कॉल पर डॉक्टर पहुंचेंगे मरीजों के घर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। केशकाल विकासखण्ड के ग्राम बेड़मा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हरी झंडी दिखाकर जिला प्रशासन की नवीन पहल 'डॉक्टर तुमचो दुआर' का शुभारंभ किया। इस पायलेट प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले के बड़ेराजपुर एवं फरसगांव विकासखण्डों के पहुंचविहीन ग्रामों में चिकित्सा सुविधाएँ टेलीमेडिसिन के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए एक कॉल सेंटर की स्थापना और कॉल सेंटर में 24 घण्टे कर्मचारियों की ड्युटी लगायी जायेगी।**

कॉल सेंटर से कॉल प्राप्त करते ही डॉक्टर, एएनएम एवं अन्य कर्मचारियों के बने दल को सूचित किया जायेगा। डॉक्टर द्वारा बीमार व्यक्ति एवं उनके परिजनों से चर्चा कर टेली कॉन्फ्रेसिंग से परामर्श दिया जायेगा एवं गंभीर रोगी जिन्हे तुरंत इलाज की आवश्यकता होगी उनके लिए वाहन के साथ डॉक्टर एवं उनका दल घर पहुंच कर रोगी का इलाज करेंगे। आवश्यक होने पर उन्हे अस्पताल लाकर उपचार भी किया जायेगा।

जिले में दूरस्थ इलाकों में उपचार हेतु हाट बाजार क्लिनिक योजना पहले ही सफलता पूर्वक संचालित की जा रही है। ऐसे में डॉक्टर तुमचो दुआर द्वारा जिले के पहुंच विहीन ग्रामों में भी सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा टेली मेडिसिन के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्राम दुल्लापुर में एकल ग्राम जल प्रदाय योजना का किया भूमिपूजन

# वनमंत्री मो. अकबर ने कबीरधाम जिले के ग्रामों में लगाई जन चौपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से कबीरधाम जिला लगातार विकास की ओर अग्रसर है। इन चार सालों में वनांचल से लेकर शहर तक योजनाओं का क्रियान्वयन के साथ विभिन्न निर्माण कार्य भी किए गए है।**




कवर्धा शहर में प्रदेश की राजधानी से मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग के सकरी नदी में महज 9 महीने में ही पुल का निर्माण कार्य पूरा किया गया। वनमंत्री श्री अकबर ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जन आकांक्षाओं की मांग के अनुरूप कवर्धा में मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की है। इसके लिए बजट में प्रावधान किया है। मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए जगह का चिन्हांकन कर लिया गया है, अब जल्द ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ होगा।

वन मंत्री श्री अकबर मंगलवार को कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास पर थे। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुल्लापुर, घुघरीकला, मरपा, चरडोंगरी, जमुनिया, सिंघनपुरी में आयोजित भेंट-मुलाकात एवं जनचौपाल कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए किसानों, ग्रामीणों, भूमिहीन श्रमिक मजदूरों, महिलाओं से सीधा संवाद किया और गांव तथा क्षेत्र विकास की दिशा में ग्रामीणों से सुझाव भी मांगे।

उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशीप योजनाओं का फीडबैक भी लिया। साथ ही जन आकांक्षाओं के मांग के अनुरूप ग्राम दुल्लापुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपए और ग्राम घुघरीकला में मंच निर्माण के लिए 02 लाख, 100 मीटर नाली निर्माण और महिला स्व सहायता समूह के भवन के लिए 03 लाख रूपए की घोषणा की।

मंत्री श्री अकबर ने ग्राम दुल्लापुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम जल प्रदाय योजना के लिए 75 लाख 4 हजार रूपए की लागत से निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

अम्बिकापुर से बनारस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने का किया अनुरोध

# केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से छत्तीसगढ़ के मंत्री डॉ. टेकाम ने की मुलाकात, सौंपी सर्वे रिपोर्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज केन्द्रीय मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग नितिन एम. गडकरी से नई दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात की। मंत्री डॉ. टेकाम ने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी से अम्बिकापुर से बनारस राज्यमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देने का अनुरोध किया है।



मंत्री डॉ. टेकाम ने केन्द्रीय मंत्री नितिन एम. गडकरी से मुलाकात के दौरान सर्वे रिपोर्ट सौंपी। इस सर्वे रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अम्बिकापुर (छत्तीसगढ़)-धनवार-बनारस (उत्तर प्रदेश) मार्ग छत्तीसगढ़ अंतर्गत कुल लम्बाई 110.60 किलो मीटर है। यह मार्ग छत्तीसगढ़ के सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिलों को उत्तर प्रदेश से जोड़ता है। उन्होंने पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि यह मार्ग अत्यंत ही महत्त्वपूर्ण मार्ग है, जो छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश होते हुए सीधे दिल्ली से जुड़ता है। व्यवसायिक दृष्टिकोण से यह मार्ग अत्यंत ही व्यस्ततम मार्ग हैं, छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश तक सब्जियों, खनिज, खनिज उत्पादन, रोजमर्रा की वस्तुएं आदि का परिवहन अत्यधिक मात्रा में होता है। इस मार्ग में अनेक छोटे-बड़े पुल-पुलिया, घाट, खतरनाक मोड़ आदि हैं। इस मार्ग पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। अत: इस मार्ग के यातायात को सुगम बनाये जाने की दृष्टि से अंबिकापुर-धनवार-बनारस को राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाना अत्यंत ही आवश्यक है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि बनारस पूरे भारतवासियों की धार्मिक आस्था का एक बहुत ही बड़ा केन्द्र है। अंबिकापुर-धनवार-बनारस मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग बनने से छत्तीसगढ़, झारखंड तथा बिहार जैसे राज्यों के आसपास के इलाके इससे लाभान्वित होंगे।

## नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद अबजद खान उम्र 23 वर्ष आ. मोहम्मद शमीम खान निवासी 133/ के. अशरफी रोड फरीद नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) मैने अपना नाम परिवर्तित कर लिया है मेरा नया नाम मोहम्मद अबजद खान पिता मोहम्मद शमीम खान है।

अत: आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरा नया नाम मोहम्मद अबजद खान से जाना व पहचाना व पुकारा जावे। मेरा जन्म स्थान भिलाई जिला दुर्ग छ.ग. है।

**मोहम्मद अबजद खान**
133/ के. अशरफी रोड
फरीद नगर सुपेला भिलाई
तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### बेरहमी से हांककर ले जा रहे थे कृषिधन, दो तस्करों पर पशुक्रूरता की कार्रवाई

**रायगढ़ (ए)।** 6 जून को घरघोड़ा पुलिस द्वारा तमनार रोड़ पर नाकेबंदी कर दो पशु तस्करों को पकड़ा गया है। टीआई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पशु तस्कर भारी संख्या में कृषिधन मवेशियों को मारते-पीटते, बेरहमी पूर्वक हांकते हुए झारखंड़ की ओर लेकर जा रहे है।

घरघोड़ा पुलिस की नाकेबंदी में पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम (1) फुलचंद उरांव पिता चमरा उरांव उम्र 48 वर्ष (2) लोली खडिया पिता कन्दराराम खडिया उम्र 40 वर्ष दोनों निवासी करवारजोर थाना लैलुंगा जिला रायगढ छ.ग. का होना बताये जिनके पास से 78 नग कृषिधन मवेशी कीमत करीब 2 लाख रूपये का जब्त किया गया है। जिसे आरोपियों द्वारा हांडीपानी सिंकाजोर ले जाना बताया गया।

आरोपीयों के कृत्य पर थाना घरघोड़ा में छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 11 के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। जप्त मवेशियों के दाना पानी की व्यवस्था हेतु अस्थायी रूप से स्कूल कंपाउंड में रखवाया गया है।

### कुएं में बाइक के साथ मिली युवक की लाशः चचेरे भाई की शादी में शामिल होने निकला था फिर लौटा ही नहीं

**बलोदा बाजार (ए)।** बलौदाबाजार जिले में एक युवक की लाश उसकी बाइक के साथ कुएं में मिली है। वो अपने चेचेरे भाई की शादी में शामिल होने निकला था। फिर लौटा ही नहीं। हादसा है, आत्महत्या है या हत्या है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामला पलारी थाना क्षेत्र काहै।

चांपा गांव का रहने वाला दिलेश्वर ध्रुव(28) सोमवार शाम को भरूवाडीह गांव जाने निकला था। उसे यहां पर भाई की शादी में शामिल होने था। मगर वह शादी में पहुंचा ही नहीं, ना ही देर रात वह घर लौटा। जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश की, पर उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां भी पता लगाया। मगर कोई जानकारी नहीं मिली इसके बाद भरूवाडीह गांव में एक कुएं के पास मंगलवार सुबह पानी के लिए लोग गए हुए थे। उसी दौरान उन्हें संदेह हुआ कि अंदर किसी की लाश है। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस को कहना है कि घटना को लेकर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### सस्ते में चारपहिया वाहन बेचने के नाम पर ठगे लाखों, जुर्म दर्ज

**रायपुर (ए)।** शहर में साइबर ठगों ने फेसबुक में सस्ते में बोलेरो वाहन बेचने का ऑफर दिया था। इसके झांसे में एक शिक्षक आ गए और 2 लाख से ज्यादा की ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गए। इसकी शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। ये मामला आरंग थाना का है। पुलिस के मुताबिक शीतलापारा निवासी सीतेश साहू दुर्ग में शिक्षक है। फेसबुक में सस्ते में बोलेरो वाहन बेचने का विज्ञापन दिया गया था। इसकी कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए बताया गया था। सस्ते में बोलेरो खरीदने के लिए सीतेश ने उसमें दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल किया। बोलेरो पंसद आने पर सीतेश ने सौदा पक्का कर लिया। इसके बाद साइबर ठगों ने उसे कभी आरटीओ, तो कभी अन्य दस्तावेज के नाम पर 2 लाख 37 हजार 028 रुपए जमा करवा लिया।

# कबीरधाम में दो नाबालिगों का अपहरण के बाद रेप, बिलासपुर से पकड़ाए बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में दो नाबालिगों का अपहरण के बार रेप का मामला सामने आया है। बदमाशों ने पहले दोनों को अपने प्यार के जाल में फंसाया और शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गए। इसके बाद दोनों नाबालिगों से दुष्कर्म किया। लगभग एक माह बाद नाबालिगों का पता चला। पुलिस ने इस मामले में दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं दोनों नाबालिगों का बयान लेने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की कार्रवाई कोतवाली थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां की दो नाबालिग लड़कियों के लापता होने की शिकायत करीब एक माह पहले दर्ज की गई थी। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस लगातार उनका पता लगा रही थी। इसके लिए एक विशेष टीम का भी गठन किया गया। लड़कियों के मोबाइल नंबर को ट्रेस करते हुए पुलिस बिलासपुर तक पहुंची। बिलासपुर में पुलिस ने कवर्धा राम्हेलपुर निवासी विजय टंडन और संगीत लहरी के पास से दोनों नाबालिगों को बरामद किया।

#### कबूल किया अपना जुर्म

दोनों को गिरफ्तार करने के बाद दोनों नाबालिगों का बयान लिया गया। नाबालिगों ने पूछताछ में बताया आरोपी विजय और संगीत ने उनसे कहा था कि, वे हमें बहुत प्यार करते हैं और शादी करना चाहते हैं। फिर शादी का झांसा देकर साथ ले गए और पांच मई से दो जून तक लगातार दुष्कर्म करते रहे। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## बिल्डिंग के सातवें मंजिल से गिरी युवती मौके पर मौत, जांच में जुटी पुलिस



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक रेसिडेंसियल कॉलोनी की बिल्डिंग के सातवें माले से गिरने से एक युवती की मौत हो गई है। घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका यहां बिल्डिंग में काम करती थी। मामला पंडरी थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार पंडरी थाना क्षेत्र के तहत पाम रेसिडेंशियल बिल्डिंग की सातवीं मंजिल मंगलवार दोपहर को 24 वर्षीय भोली बघेल गिर गई। युवती इस बिल्डिंग के सातवें माले में काम करती है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पंडरी पुलिस ने मृतका के शव को पीएम के लिए भेजा। पुलिस को आशंका है कि युवती का पैर फिसलने से यह हादसा हुआ है। हालांकि अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। पुलिस को आत्महत्या किए जाने का भ्ज्ञी अनुमान है। पंडरी पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है और घटना की हर एंगल से जांच की जा रही है।

## बदमाशों ने महिला को 10 फीट तक घसीटा, सीसी टीवी फुटेज आया सामने, तलाश में जुटी पुलिस

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में पैदल चल रही महिला चेन स्नेचिंग की शिकार हो गई। बाइक सवार बदमाशों ने अचानक महिला के गले पर हाथ मारा जिससे महिला गिर गई। 10 फीट तक महिला घसीटती रही और उसके बाद बदमाश फरार हो गए। यह पूरी घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई है। स्थानीय लोगों ने घटना के बाद सीसी टीवी फुटेज पुलिस को सौंपा है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश में जुटी है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है।

यह पूरी घटना ग्रीन वैली अपार्टमेंट की है। यहां की एक महिला सोमवार शाम को बाजार से खरीदारी कर घर लौट रही थीं। वह अभी मातोश्री अपार्टमेंट के पास पहुंची तभी सामने से बाइक सवार पहुंचे और एक ने महिला के गले में झपट्टा मारकर गोल्ड की चेन लूट खींची। महिला ने चेन को बचाने का प्रयास किया लेकिन वह गिर गई और 10 फीट तक घसीटती रही। इसके बाद बदमाशों के हाथ में चेन आ गया और वे फरार हो गए।

घटना के बाद महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की शिकायत तोरवा थाने मे की गई है। शिकायत के बाद पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज जांचे जिसमें बदमाश चेन स्नेचिंग करते दिख रहे हैं। सोसायटी के लोगों ने फुटेज पुलिस को सौंप दिया है और इसके आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। तोरवा पुलिस का दावा है कि जल्द ही वे आरोपियों को गिरफ्तार कर लेंगे।

## नक्सलियों का उत्पात, निर्माण कार्य में लगे पांच वाहनों में लगाई आग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में फिर एक बार नक्सलियों का उत्पात देखने को मिला है। यहां निर्माण कार्य में लगे पांच वाहनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है। जानकारी लगने के बाद मौके पर पुलिस बल रवाना कर दिया गया है। पुलिस की ओर से फिलहाल घटना की पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिली है जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पखांजुर क्षेत्र के सितरम के आस-पास सड़क निर्माण कार्य मे लगी गाड़ियों को नक्सलियों ने निशाना बनाया है। मौके पर दो ट्रक, एक पोकलेन, एक रोड रोलर और एक पानी के टैंकर में आग लगा दी है। सभी गाड़िया राजमुंडा से कोपेंनगुंडा में चल रहे सड़क निर्माण में लगी थी। बताया जा रहा है कि हथियार बंद नक्सली अचानक पहुंचे और काम रुकवाने के बाद वाहनों को फूंक दिया।


## छत्तीसगढ़ में थोक किराना व्यापारी से लूट, वसूली से लौटते समय बाइक सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में सोमवार रात को थोक किराना व्यापारी से लूट लूट का मामला सामने आया है। व्यापारी वसूली के बाद रुपए लेकर घर लौट रहा था इस बीच बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोका और बैग छीनकर भाग निकले। घटना के बाद व्यापारी ने पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने सीसी टीवी फुटेज की मदद से लुटेरों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार लूट का यह मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। थोक किराना व्यापारी भारत अठवानी वह सोमवार को साप्ताहिक वसूली पर निकला था। रुपये वसूल कर बाइक से वापस अपने घर जा रहा था। व्यापारी के साथ एक अन्य युवक भी था। वापस आते समय दर्राभांठा पुल के पास तीन बाइक सवार युवक वहां पर पहुंचे और व्यापारी से बैग को छीन कर भाग गए। घटना के बाद भारत आठवानी ने तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस अलर्ट हो गई है और लुटेरों की तलाश रही है।

## नक्सलियों को ड्रोन सप्लाई करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर (ए)।** छत्तीसगढ़-तेलंगाना राज्य की सीमा पर तेलंगाना राज्य की चेरला पुलिस, भद्राद्री कोठागुडेम स्पेशल पार्टी पुलिस और 141 बटालियन के जवानों ने संयुक्त रूप से वाहन चेकिंग के तहत देवनगरम के पास नक्सलियों के लिए कोरियर का काम करने वाले तीन आरोपी को विस्फोटक सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में पुनेम नागेश्वर राव, पुत्र बाबर राव (31) देवनगरम, देवासुरी मल्लिकार्जुनराव पुत्र शंकर राव (40) निवासी उंजुपल्ली दोनों चेरला जिले के हैं व एक अन्य वैलेपोगुलु उमाशंकर, पुत्र लक्ष्मैया (43) छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पामेड़ के अंबेडकर पारा का है। पुलिस ने नक्सली नेताओं के आदेश पर विस्फोटक सप्लाई करने जा रहे एक ड्रोन और एक खराद मिशन को पकड़ा है। जब्त सामान में 10 जिलेटिन स्टिक, 160 मीटर कॉर्डेक्स तार, 5 विद्युत डेटोनेटर, एक ड्रोन, लेथ मशीन है। तेलंगाना पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तीनों आरोपी प्रतिबंधित भाकपा-माओवादी की पमेदू एरिया कमेटी के लिए पिछले एक साल से कोरियर का काम कर रहे थे। नक्सलियों को आवश्यक सामग्री की आपूर्ति करते थे। नक्सली नेताओं के आदेश पर चार माह पूर्व विजयवाड़ा से ड्रिलिंग मशीन खरीद कर सप्लाई की थी।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) संभाग दुर्ग

// निविदा आमंत्रण सूचना //

ज्ञाप क्र. 4978 /नि.प्र. क्र.–02/लो.नि.वि./2023-24 दुर्ग, दिनांक 05/06/2023

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य का विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 16/06/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 26/06/2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 27/06/2023 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि में अवकाश हो या अधोहस्ताक्षरकर्ता शासकीय दौरे पर हो तो निविदा आगामी कार्य दिवस मे खोली जावेगी।

| स.क्र./ निविदा क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| (1) T0021 | Providing E/F work to Govt. High School Building at Belargondi, District Rajnandgaon | 6.79 Lacs |
| (2) T0022 | Providing E/F work to Govt. High School at Sitagaon Block Manpur, District Manpur-Mohla-Ambagarhchowki | 6.79 Lacs |
| (3) T0029 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Durg (Zonal work) | 16.40 Lacs |
| (4) T0030 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Durg (Zonal work) | 15.60 Lacs |
| (5) T0031 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Block Patan, District Durg (Zonal work) | 14.50 Lacs |
| (6) T0032 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Block Durg, District Durg (Zonal work) | 14.80 Lacs |
| (7) T0033 | Providing Electrification work to Deposit works under CSVTU Bhilai, District Durg | 19.50 Lacs |
| (8) T0034 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Rajnandgaon (Zonal work) | 16.40 Lacs |
| (9) T0035 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Mohla-Manpur-Ambagarhchowki (Zonal work) | 15.80 Lacs |
| (10) T0036 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (Zonal work) | 15.60 Lacs |
| (11) T0037 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Rajnandgaon (Zonal work) | 14.90 Lacs |
| (12) T0038 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Khairagarh (Zonal work) | 15.60 Lacs |
| (13) T0039 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Kabirdham (Zonal work) | 16.50 Lacs |
| (14) T0040 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Kawardha (Zonal work) | 14.90 Lacs |
| (15) T0041 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Block Kawardha, District Kabirdham (Zonal work) | 14.70 Lacs |
| (16) T0042 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Balod (Zonal work) | 16.30 Lacs |
| (17) T0043 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Balod (Zonal work) | 15.40 Lacs |
| (18) T0044 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Block Dondi, District Balod (Zonal work) | 14.80 Lacs |
| (19) T0045 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under District Bemetara (Zonal work) | 16.60 Lacs |
| (20) T0046 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Civil Division, Bemetara (Zonal work) | 15.50 Lacs |
| (21) T0047 | Providing E/F work to OW / Deposit / MOW / S/R / OM work under Block Saja, District Bemetara (Zonal work) | 14.40 Lacs |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। निविदा संबंधी अन्य शर्तें का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।
टीप:- (1) आबंटन प्राप्त होने पर ही देयक का भुगतान किया जायेंगा।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग ( वि./यां. ) संभाग दुर्ग

जी-02103/5

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### आरएमपी-3 एलडीसीपी बिरादरी ने किया वृक्षारोपण

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के आरएमपी-3 एलडीसीपी बिरादरी ने विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशेष अभियान के रूप में महाप्रबंधक प्रभारी (आरएमपी-2 एवं 3) रतन मुखर्जी के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के अन्य अधिकारीगण, कार्मिकों तथा ठेका श्रमिकों ने भी वृक्षों को बचाने व बढ़ाने की शपथ के साथ वृक्षारोपण किया। बीएसपी सदा ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अग्रसर रहा है। ऐसे ही सफल प्रयासों से प्रेरित होकर मिशन लाइफमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण किया गया। पेड़ों का हमारे जीवन तथा पर्यावरण में इसके महत्व को बताया गया। जलवायु संतुलन के मार्ग में आ रही विश्वस्तरीय समस्या के समाधानों में वृक्षारोपण भी एक है। प्रदूषण को एक दिन में नहीं किन्तु एक दिन जरुर खत्म किया जा सकता है। प्रकृति के दोहन के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार है और इसलिए इसके संरक्षण की जिम्मेदारी भी मनुष्य की ही है। लाइफशपथ को अमल में लाने की शुरुवात हमें अपने ही घर से करनी होती है और भिलाई इस्पात संयंत्र यहाँ कार्यरत लोगों के लिए घर ही है। इसलिए वृक्षारोपण करना इस परिप्रेक्ष्य से भी आवश्यक था क्योंकि प्रदूषण रहित कार्यक्षेत्र आपकी कार्यक्षमता दोगुनी कर देता है। उल्लेखनीय है कि यह वृक्षारोपण अभियान हर वर्ष चलाया जाता है। इस विभाग में अब तक लगभग 150 पेड़ लगाए जा चुके हैं।

### टीपीएल वर्कशॉप में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

**भिलाई।** टीपीएल वर्कषॉप द्वारा दिनांक 03 जून 2022 को प्रात: 08.45 बजे से सड़क सुरक्षा अभियान का आयोजन महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में टीपीएल वर्कषॉप मार्ग फारेस्ट एवेन्यु (अग्नि षमन मुख्यालय के निकट) किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाप्रबंधक शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल ने वाहन चलाते वक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग एवं गति नियंत्रण का आग्रह किया। इस कार्यक्रम का संचालन विभागीय सुरक्षा अधिकारी (टीपीएल वर्कषॉप) अनिल कुमार फुले ने किया। इस अवसर पर टीपीएल वर्कषॉप के सहायक प्रबंधक प्रवीण कुमार व्यवहारे एवं समस्त कार्मिक हाथों में तक्तिया लेकर सड़क पर चल रहे यातायात की ओर उन्मुख होकर क्रैष हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट बांधने, वाहन गतिसीमा एवं वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करने संबंधित सावधानियों को प्रदर्षित कर रहे थे।

### प्रोपेन प्लांट में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया

**भिलाई।** प्रोपेन स्टोरेज एवं डिस्ट्रीब्यूशन विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र का एक महत्वपूर्ण विभाग है एवं यह बहुत ही संवेदनषील गैस की श्रेणी में आता है। प्रोपेन प्लांट, एसएमएस-2, एसएमएस-3 एवं प्लेट मिल को स्टील उत्पादन हेतु निरंतर प्रोपेन गैस की उप्लब्धता सुनिश्चित करता है। भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रोपेन प्लांट में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2023 को वृक्षारोपण का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक प्रभारीअसित साहा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने सर्वप्रथम वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी, मुख्य महाप्रबंधक एस के गजभिये, महाप्रबंधक आर पी अहिरवार, महाप्रबंधक एस के क्षत्रिय, महाप्रबंधक उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक चिन्मय खान, महाप्रबंधक एम व्ही बाबू, महाप्रबंधक पी सी बाग, सहायक महाप्रबंधक पी डी सुन्दरानी, वरिष्ठ प्रबंधक आर के चंद्रा द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

# स्कूलों के मरम्मत व जीर्णोद्धार के कार्य को दें प्राथमिकता- कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय सीमा प्रकरणों के साथ विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उनके द्वारा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् शिक्षा विभाग व ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारियों से जिले में चल रहे स्कूलों की मरम्मत व जीर्णोद्धार के संबंध में जानकारी मांगी गई।**



उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत चलने वाले कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से शीघ्र पूर्ण कराने की बात कही। ताकि इसी सत्र से स्कूली बच्चे स्कूलों की बेहतर अधोसंरचना का लाभ ले सके।

इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् प्रारंभ व अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा भी की और अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से कुपोषित बच्चों को पोषण के दायरे में लाने अभियान के संबंध में जानकारी महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी से मांगी।

साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लेने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विपिन जैन को निर्देशित किया।

बैठक में शासन की महत्वकांक्षी योजना छत्तीसगढ़ महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा), सीमार्ट, गौठानों में गोबर खरीदी, कम्पोस्ट उत्पादन व बिक्री, चारागाह विकास, पैरादान की प्रगति, गोबर से प्राकृतिक पेंट निर्माण, बायोफ्लॉक से मत्स्य उत्पादन, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन के कार्य और ग्रामीण सचिवालय पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित एसडीएम को सतत् मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर अरविंद एक्का, अपर कलेक्टर मती पद्मनी भोई, जिला पंचायत सीइओ अश्वनी देवांगन, संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर विनय सोनी, संयुक्त कलेक्टर एचएस मिरी, एसडीएम पाटन विपुल गुप्ता, आयुक्त नगर निगम रिसाली आशीष देवांगन आयुक्त एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

## शादी की वर्षगांठ पर महापौर बाकलीवाल ने परिवार के साथ किया पौधारोपण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** श्रीमती मंजू अरुण वोरा के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।इस अवसर पर नगर पालिक निगम के महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपनी 20 वीं सालगिरह परिवार एवं एमआईसी सदस्य, पार्षद और अन्य गणमान्य लोगों के साथ ( एफ4 ) सिविल लाइन बंगले में आम,जामुन, कनेर, आंवला, गुलहार के पौधे लगाए। इस अवसर पर श्रीमती मंजूअरुण वोरा ने कहा कि धरती पर निवास करने वाले प्रत्येक जीव के लिए पौधे जीवनदायी महत्व रखते हैं।बढ़ते शहर निवासियों को भावनात्मक रूप से पौधारोपण से जोड़ने के लिए शहर में लगातार पौधारोपण अभियान चलाने के साथ-साथ हर एक व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिए।श्रीमती मंजू अरुण वोरा ने कहा बढ़ते प्रदूषण जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पेड़-पौधे ही सबसे मजबूत ढाल हैं। हर व्यक्ति को चाहिए कि वह कम से कम एक पौधा जरूर रोपित करें और दूसरों को भी पौधरोपण करने के लिए प्रेरित भी करें।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं श्रीमती स्वेता बाकलीवाल ने शहरवासियों से अपील कर कहा पौधे लगाने के साथ-साथ लगाए हुए पौधों की संभाल भी जरूर करें। इसलिए उन्होंने आज अपनी 20 वीं सालगिरह के अवसर पर आम,जामुन, कनेर, आंवला, गुलहार के पौधे लगाए।श्रीमती मंजू अरुण वोरा ने अपने पर्यावरण संदेश में कहा कि जीवन के लिए वृक्ष लगाना बहुत जरूरी हो गया है। शहर में प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण एक अनिवार्य कार्य है। इसीलिए हम सभी को अपना जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या अन्य खुशी के मौकों को पौधारोपण करके मनाना चाहिए। इस मौके पर श्रीमती मंजू अरुण वोरा, रत्ना नारमदेव,आरके बोरकर, शुभम गोईर के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## निगम क्षेत्र में आवारा घूमने वाले मवेशियों को पकड़ा गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए महाअभियान चलाया जा रहा है। निगम क्षेत्र में अवाारा घूमने वाले मवेशियों से किसी को परेशानी न हो इसे देखते हुए भिलाई निगम की टीम सभी जोन क्षेत्रों में तिथि वार आवारा पशुओं को पकड़ने अभियान चला रही है। अभियान के तहत इस माह में आवारा पशुओं को पकड़ कर गौठान भेजा गया है।

आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के लिए आयुक्त ने निर्देश दिए हैं। रोका छेका अभियान के तहत आवारा मवेशियों को पकड़ने टीम शहर में विभिन्न संसाधनों के साथ घूम-घूम कर आवारा मवेशी को पकड़ रहे हैं। काऊ केचर वाहन में मवेशियों को डालकर सीधे गौठान में छोड़ा जा रहा है। भिलाई निगम की टीम मुख्य रूप से शहर के सभी मार्केट क्षेत्र तथा अंदरूनी क्षेत्र की सड़कों के किनारे घूमने वाले मवेशियों को टारगेट करते हुए मार्केट, सर्विस रोड, सार्वजनिक स्थान, तथा जीई रोड के किनारे चलने वाले आवारा मवेशियों को पकड़ रही है। आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों एवं मार्केट में खरीददारी के लिए आने वाले लोगों को समस्या से निजात दिलाने निगम की टीम पशुओ को पकड़ने की कार्रवाई कर रहे हैं। माह भर से चल रहे विशेष अभियान में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों से आवारा मवेशी पकड़ने रूट चार्ट बनाकर कार्य कर रहे है। सभी क्षेत्रों में आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए है। इसी के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है। मवेशियों को पकड़ने के दौरान उन्हें चोट न लगे इसलिए निगम की टीम दो काऊ केचर एवं रस्सी व आवश्यक संसाधन के साथ फिल्ड में पहुंच रहे है, नगर निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने पशु पालकों से अपील की है।

## जनशिकायतों का समाधान करने सुबह साढ़े 5 बजे से शहर का जायजा लेने निकल पड़े विधायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शहर के नागरिकों की समस्या सुलझाने विधायक अरुण वोरा आज सुबह साढ़े 5 बजे से शहर का भ्रमण करने निकल पड़े। वोरा ने अधिकारियों को अलर्ट मोड में रहकर लोगों की शिकायतों का निराकरण करने कहा। वोरा ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में सभी वार्डों में भरपूर प्रेशर से पानी मिलना सुनिश्चित किया जाए।



पूरे शहर में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना भी जरूरी है। वोरा ने पेंडिंग विकास कार्यों को तत्काल पूरा करने कहा है। दरअसल, सोमवार को विधायक वोरा से विभिन्न वार्डों के नागरिकों ने साफ-सफाई और पेयजल सप्लाई को लेकर शिकायत की थी। कई नागरिकों ने निर्माण और विकास कार्यों के कारण सड़क पर बिल्डिंग मटेरियल बिखरा होने से आवाजाही में परेशानी की शिकायत की। नागरिकों से शिकायत मिलने पर आज वोरा सुबह से शहर के विभिन्न इलाकों का दौरा करने निकल पड़े। वोरा ने शक्तिनगर, हनुमान नगर, आदित्य नगर का दौरा करने के साथ ही कहा कि सभी जनशिकायतों का समाधान अविलंब किया जाना चाहिए। वोरा ने शहर में चल रही विकास योजनाओं को लेकर भी निगम अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। वोरा ने कहा कि ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, मुक्तिधाम मार्ग, गौरवपथ उन्नयन सहित अन्य योजनाओं के अलावा वार्डों में स्वीकृत किये गए विकास कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। इसके अलावा तालाबों की सफाई और सौंदर्यीकरण कार्य के लिए वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद काम तत्काल शुरू किया जाए।

किसी भी कार्य में लेटलतीफी नहीं होनी चाहिए। वोरा ने कहा कि निगम अधिकारी सुबह से फील्ड में जाकर जनसमस्याओं का जायजा लें और सभी नागरिक समस्याओं का निराकरण करें। शहर भ्रमण के दौरान विधायक वोरा के साथ पार्षद शंकर ठाकुर, निर्मला साहू, अमित देवांगन, बिजेंद्र भारद्वाज, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली मौजूद रहे।

## नंदनी रोड के सड़क का होगा डामरीकरण महापौर नीरज ने भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत पावर हाउस से नंदनी रोड जाने वाले सड़क का डामरीकरण किया जाएगा। महापौर नीरज पाल ने सड़क डामरीकरण के कार्य का भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत करवाई। नंदनी रोड के एक ओर सड़क डामरीकरण का कार्य हो चुका है परंतु दूसरी और के सड़क डामरीकरण का भी का काम होना है। जिससे दोनों ओर के सड़कों का डामरीकरण पूर्ण हो जाएगा।



पावर हाउस से नंदनी रोड जाने वाले तथा एसीसी चौक से नंदनी रोड आने की ओर रोजाना लगभग हजारों लोगों का आना जाना इस मार्ग से होता है। नेशनल हाईवे से होते हुए यह मार्ग विभिन्न स्थानों की ओर जाता है। नंदिनी रोड से केनाल रोड की ओर भी रास्ता गया हुआ है तथा जामुल की ओर एवं छावनी की ओर तथा गौरव पथ की ओर भी नंदनी रोड से जाने का प्रमुख मार्ग है। नंदनी रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हो रखे थे जिसे देखते हुए इसके डामरीकरण कार्य का फैसला महापौर ने लिया था। लोगो ने भी सड़क डामरीकरण की मांग प्रमुखता से की थी जिसे देखते हुए महापौर ने अधिकारियों को इस मार्ग के डामरीकरण करने के निर्देश दिए थे। लगभग एक करोड़ की लागत से नंदनी रोड के सड़क का डामरीकरण कार्य होगा। डामरीकरण कार्य हो जाने से हजारों लोगों को आने जाने में आसानी होगी तथा गड्ढों से राहत मिलेगी और बारिश के दिनों में भी लोगों को असुविधाओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम भिलाई छेत्र अंतर्गत सड़कों के डामरीकरण, संधारण एवं मरम्मत का कार्य पुरजोर गति से किया जा रहा है। नेशनल हाईवे से लगे प्रमुख मार्ग जो अंदर इलाकों में प्रवेश करते हैं उनको टारगेट करते हुए डामरीकरण का कार्य किया जा रहा है ताकि लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। अंदरूनी इलाकों के मार्गो को भी दुरुस्त किया जा रहा है। सड़क भूमि पूजन के दौरान जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, जोन अध्यक्ष जलंधर सिंह, महापौर परिषद के सदस्य मन्नान गफ्फार खान, पार्षद इंजीनियर सलमान, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता आलोक पसीने, उप अभियंता विजेंद्र गुप्ता तथा नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर दिग्गज नेताओं ने किया आपसी विचार विमर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे विशेष जनसंपर्क अभियान अंतर्गत आगामी 22 जून को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का दुर्ग प्रवास सुनिश्चित हुआ है, जिसकी तैयारियों को लेकर दुर्ग और भिलाई जिला भाजपा संगठन पूरी गंभीरता के साथ सक्रिय हो गया है। सोमवार को दुर्ग और भिलाई संगठन जिला के दिग्गज नेताओं ने अमित शाह के आगमन को लेकर प्रबंधन और तैयारियों के संबंध में दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आपसी विचार विमर्श किया। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी , विशेष जनसंपर्क अभियान के दुर्ग लोकसभा प्रभारी प्रेम प्रकाश पाण्डेय, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, लोकसभा सांसद विजय बघेल, जिला भाजपा अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, भिलाई जिला भाजपा अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, दुर्ग जिला भाजपा महामंत्रीद्वय ललित चंद्राकर एवं सुरेंद्र कौशिक भिलाई जिला भाजपा महामंत्रीद्वय योगेंद्र सिंह एवं प्रेम लाल साहू ने अमित शाह के प्रवास एवं कार्यक्रमों संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दुर्ग आगमन पर विशाल जनसभा का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है, इस जनसभा में को ऐतिहासिक बनाने हेतु उपस्थित नेताओं ने अपने अपने सुझाव दिए। अमित शाह के आगमन पर होने वाली विशाल जनसभा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए संभाग स्तरीय बैठक आगामी 10 जून को प्रात: 11 बजे दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में आहूत की गई है।

## प्रतिष्ठित व्यवसाई किशन लाल पारख के निधन के पश्चात् उनका नेत्रदान से मिलेगी दो लोगों को नई रौशनी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई श्री किशन लाल जी पारख( 75 वर्ष) के निधन के पश्चात उनका नेत्रदान सम्पन्न हुआ अब उनके नेत्रों से दो लोगों को नई रौशनी मिलेगी। किशन लाल पारख के निधन के पश्चात उनके पुत्र मनीष,नीलेश,नितेश,पत्नी शायर बाई पारख एवं उनके भाई निर्मल पारख ने नेत्रदान का निर्णय लिया व नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्यों को नेत्रदान प्रक्रीया हेतु आग्रह किया।**



पारख परिवार शहर की प्रतिष्ठित फर्म लाइफ केयर,अविश एडुकॉम,महावीर ज्वेलर्स,इलेक्ट्रिक एम्पोरियम के संचालक हैं नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया,रितेश जैन,हरमन दुलई श्री पारख के खंडेलवाल कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे व नेत्रदान की प्रक्रीया में सहयोग किया। जिला चिकित्सालय के सीएम्एचओ डॉ जे पी मेश्राम व् डॉ संगीता भाटिया के निर्देश पर नेत्र सहायक अधिकारी अजय नायक,अरुण सिंह,शत्रुहन सिन्हा,विवेक सोनी,राम अवतार ने कॉर्निया कलेक्ट कर उन्हें सुरक्षित रायपुर मेडिकल कॉलेज पहुँचाया। कुलवंत भाटिया ने कहा श्री किशन लाल जी पारख समाज के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं समाज सेवी थे उनके नेत्रदान से पुरे समाज में नेत्रदान हेतु जागरूकता बढ़ेगी आने वाले समय में ऐसे नेत्रहीन जो अँधेरे में अपना जीवन जी रहे हैं उन्हें व् उनके परिवार को नया जीवन मिलेगा

मनीष पारख ने कहा उनके पिता के निधन से पूरा परिवार सदमें में है हमेशा दूसरों की मदद करने वाले उनके पिता ने जाते जाते भी नेत्रदान कर हमारे परिवार को प्रेरणा दे गए हमारी आने वाली पीढ़ी व् समाज भविष्य में नेत्रदान के महत्व को समझेगा व् नेत्रदान हेतु तत्पर रहेगा

नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य रितेश जैन ने कहा हमारी संस्था लगातार लोगों को नेत्रदान ,देहदान व रक्तदान हेतु जागरूक कर रही है जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं भविष्य में यदि कोई देहदान व नेत्रदान पर कोई जानकारी चाहता है तो हमारे सदस्यों से सम्पर्क करे या 9827190500 / 9340007904 नंबर पर फोन कर जानकारी ले सकता है। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई, मंगल अग्रवाल,किरण भंडारी,रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत, सुरेश जैन,राजेश पारख आदि लोग उपस्थित थे।

## पावर हाउस बाजार बनेगा आदर्श बाजार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के प्रदेश महामंत्री अजय भसीन भिलाई पावर हाउस बाजार को आदर्श बाजार के रूप में स्थापित करने भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल के साथ चेंबर के पदाधिकारी ने आज सुबह पावर हाउस बाजार में जवाहर मार्केट से सब्जी मार्केट अनाज मंडी से होते हुए सर्कुलर मार्केट फल मंडी मार्केट से होते हुए लिंक रोड का सघन निरीक्षण किया जिसमें यह देखा गया।



किन जगहों पर आधुनिक शौचालय का निर्माण किया जा सकता है और किन स्थानों पर पुरुष एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग साफ-सुथरे यूरिनल बनाए जा सकते हैं साथ में पावर और ओवर ब्रिज के नीचे एक अच्छी पार्किंग व्यवस्था का निर्माण किया जाए सब्जी मार्केट में साफ सफाई की व्यवस्था अच्छा बनाया जाए मार्केट के सभी रोडो को ठीक-ठाक किया जाए सर्कुलर मार्केट मैं पानी टंकी के नीचे एक बड़ा आधुनिक पिंक टॉयलेट का निर्माण किया जाएगा साथ ही सर्कुलर मार्केट के प्रमुख रोडो मैं चेकर टाइल्स लगाकर सुंदर बनाया जाए सब्जी मार्केट प्रवेश द्वार से बागड़ी फूल भंडार आने वाली रोड मैं टूटी नालियों को मरम्मत कर सुधारा जाए लिंक रोड के व्यापारियों ने शौचालय का स्थान दिखाया एवं लिंक रोड किस प्रकार से हरा भरा किया जाए उन स्थानों को चिन्हित किया गया चेंबर ने कहा कि बाजारों की प्रत्येक स्थानों पर दुकानों के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने की जिम्मेदारी मार्केट एसोसिएशन के द्वारा की जाएगी श्री भसीन ने कहा पावर हाउस बाजार भिलाई का सबसे पुराना बाजार एवं इनमें सभी प्रकार के बाजार बाजारों का समावेश है इसलिए इसे आदर्श बाजार बनाने में भिलाई चेंबर की अहम भूमिका आज के दौरे में सुधाकर शुक्ला पीतांबर दलाई देवेंद्र सिंह प्रेम रतन गहलोत सुनील मिश्रा सौरभ सिंह मनोज मखीजा शिवराज शर्मा तथा अनेक व्यापारी शामिल रहे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950